चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 328, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 28 दिसंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सीएम योगी आज आएंगे अयोध्या

**अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या आएंगे। सुबह 11.30 बजे रामकथा पार्क में उनका आगमन होगा। यहां से मुख्यमंत्री सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे। वहां से श्रीरामलला के दर्शन कर श्री राम जन्मभूमि मंदिर के कार्यों का अवलोकन करेंगे। 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अयोध्या दौरा प्रस्तावित है। वे अयोध्या को कई बड़ी सौगात भी देंगे। मुख्यमंत्री इन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सीएम आयुक्त सभागार में प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा व तैयारी बैठक कर आवश्यक निर्देश देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी इसके पहले 21 दिसंबर को भी अयोध्या के विकास कार्यों की हकीकत जानने अयोध्या आए थे।

## पेराई वाले नारियल के एमएसपी में 375 रुपये और नारियल गोला में 300 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि

**नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने बुधवार को पेराई वाले नारियल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 375 रुपये प्रति क्विन्टल और नारियल गोला गरी के एमएसपी में 300 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए पेराई वाले नारियल गरी के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। नारियल गोला के एमएसपी को साल 2024-25 के लिए 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि किसानों की आय को बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एमएसपी बढ़ाने का फैसला किया है। साल 2014-15 में पेराई वाले खोपरे का एमएसपी 5,250 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब 11,160 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इस तरह 113 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

# 'मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सब तक पहुंचेगी'

## विकसित भारत संकल्प यात्रा' ने 50 से भी कम दिनों में लाखों गांवों तक पहुंचकर बनाया रिकॉर्ड : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को शुरू हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं और यह लाखों गांवों तक पहुंच चुकी है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम में कहा कि वे दिन गए जब लोग सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पाने के लिए किसी ह्यपरिचितह्न के न होने के बारे में चिंतित रहते थे। आज आपको याद रखना होगा कि मोदी खुद आपके परिचित हैं। आपको किसी और की जरूरत नहीं है। आपको हर वह लाभ मिलेगा, जिसके आप हकदार हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सब तक और हर जगह पहुंचेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। यात्रा शुरू होने के बाद उज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.5 लाख नए लाभार्थियों ने आवेदन किया है। यात्रा के दौरान मौके पर ही 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार देशव्यापी हेल्थ चेकअप हो रहा है। लगभग 1.25 करोड़ लोगों का हेल्थ चेकअप हो चुका है। इस यात्रा के दौरान 70 लाख लोगों की टीबी से जुड़ी जांच पूरी हो चुकी है। 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच हुई है। आजकल तो आयुष्मान भारत कार्ड के साथ-साथ आभा कार्ड भी तेजी से बनाए जा रहे हैं।





## 'महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए सरकार अभियान चला रही'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है। बीते वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के जीवन में बदलाव साहस, संतुष्टि और सपनों से भरी कहानी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है, दूर-दराज के गांवों तक पहुंच रहा है। युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, ये सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं।






इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी देशवासियों के आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दिनों जब-जब मुझे इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला है, तो मैंने एक बात नोट की है। जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के कोटि-कोटि लाभार्थी सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के माध्यम बन रहे हैं।

## पांच सेक्टर की सेवा डिलिवरी को सुगम बनाएगी मोदी सरकार

**नई दिल्ली**

**सरकार** आम लोगों की जिंदगी को और आसान बनाने की कोशिश में जुट गई है। प्रधानमंत्री खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। आगामी 28-29 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ जिंदगी को और आसान बनाने के साथ पांच सेक्टर की गुणवत्ता को बढ़ाने और उनकी सेवा डिलिवरी को सुगम बनाने के लिए सभी राज्यों के विशेष सचिव के साथ बैठक करने जा रहे हैं। हालांकि सचिवों की औपचारिक बैठक 27 दिसंबर की देर शाम शुरू हो गई।

**इन 5 सेक्टरों को किया गया शामिल**

जिन पांच सेक्टर की सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ उनकी डिलिवरी को बिल्कुल आसान बनाने की तैयारी की जा रही है उनमें में जमीन, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और स्कूल को शामिल किया गया है। ताकि इन पांच सेक्टर की सेवा शहर से लेकर गांव तक के सभी व्यक्तियों को आसानी से उपलब्ध हो। ये सभी आधारभूत सेक्टर है और इनकी सेवाओं में गुणवत्ता आने से लोगों की उत्पादकता भी बढ़ेगी जिससे



देश को विकसित बनाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य, स्कूल व पेयजल पहले से सरकार की प्राथमिकता में हैं। सभी राज्यों में इन सेक्टर में समान रूप से विकास होने पर ही देश का विकास संभव है। प्रधानमंत्री के साथ राज्यों के मुख्य सचिवों का यह तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन है।

इससे पहले वर्ष 2022 के जून में धर्मशाला में तो इस साल जनवरी में नई दिल्ली में यह सम्मेलन किया गया था। बैठक में चर्चा के लिए लोगों के जनजीवन से जुड़े मुद्दों को प्रधानमंत्री कार्यालय ने तय किया है। इन पांच सेक्टर की सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने और उसकी डिलिवरी को लेकर किसी राज्य ने अगर अच्छा काम किया है तो उस पर भी बैठक में चर्चा की जाएगी।

## सीमावर्ती पुंछ सेक्टर पहुंचे रक्षा मंत्री, सरहद पर जवानों का हौसला बढ़ाया

**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार दोपहर आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर पहुंचे और सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने जवानों के जज्बे को सलाम करते हुए उनसे और ज्यादा सजग रहने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह आज दोपहर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ जम्मू पहुंचे, जहां जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए राजौरी के लिए रवाना हो गए। सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में शहीद चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।



## राहुल मणिपुर से मुंबई तक निकालेंगे 'भारत न्याय यात्रा', 14 जनवरी को करेंगे आगाज

**नई दिल्ली**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस 'भारत न्याय यात्रा' निकालने जा रही है। यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जाएगी। राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से यह यात्रा शुरू करेंगे और 20 मार्च को मुंबई में यात्रा पूरी करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी को मणिपुर से 6,200 किलोमीटर की भारत न्याय यात्रा शुरू की जाएगी। 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को इस यात्रा का समापन मुंबई में होगा। पूर्व से पश्चिम तक निकाली जाने वाली यह भारत न्याय यात्रा देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी। यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को कांग्रेस कार्यसमिति ने राय दी थी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए।

राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति की इच्छा पूरी करने के लिए सहमत हो गए हैं। इसलिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई तक भारत न्याय यात्रा आयोजित करने का निर्णय लिया है।



## देश में अंगदान को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत : राष्ट्रपति




**नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्याप्त संख्या में ऑर्गन की अनुपलब्धता पर चिंता जताते हुए देश में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत बताई है। राष्ट्रपति बुधवार को नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलेरीज साइंसेज (आईएलबीएस) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, पर्याप्त संख्या में अंगों की अनुपलब्धता के कारण बहुत से मरीज लीवर, किडनी या किसी अन्य प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते हैं। दुर्भाग्य से अंगदान से जुड़ी अनैतिक कृत्य भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना एक जागरूक समाज की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोगों को अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएलबीएस ने विश्व स्तरीय दक्षता और अखंडता के बल पर केवल 13 वर्षों की अवधि में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर प्रत्यारोपण और लगभग 300 गुर्दे प्रत्यारोपण किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपेक्षाकृत कम खर्च पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आईएलबीएस जैसे संस्थानों के बल पर एक अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। जीवन विज्ञान और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने आईएलबीएस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग यूनिट की स्थापना को सामयिक पहल बताया।

## कांग्रेस हाईकमान की हिमाचल के कांग्रेस नेताओं संग बैठक, लोस चुनाव पर बनी रणनीति

**शिमला**

हिमाचल के कांग्रेस नेताओं की बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्टीय नेतृत्व के साथ बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित सरकार व संगठन से जुड़े कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे व प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला की मौजूदगी में हुई इस बैठक में हिमाचल में कांग्रेस की मौजूदा हालात व चुनावी तैयारियों की समीक्षा हुई। जानकारी अनुसार कांग्रेस हाईकमान से सरकार व संगठन को तालमेल बिठाकर चलने की हिदायत दी। साथ ही चारों लोकसभा सीटों पर संभावित योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। कांग्रेस हाईकमान ने सरकार व संगठन उनके कार्यों का भी फीडबैक लिया। प्रदेश के नेताओं को चुनाव को लेकर दिशा निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा कैबिनेट में एक रिक्त पद भरने और निगमों व बोर्डों में ताजपोशियों पर भी चर्चा हुई। हाईकमान ने लोकसभा चुनाव से पहले बोर्डों व निगमों में नियुक्तियां करने के निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने आपदा के दौरान हिमाचल की अनदेखी के मुद्दे को लोकसभा चुनाव में प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया।

## इजरायली दूतावास के समीप धमाका: राजदूत के नाम धमकी भरा पत्र

**नई दिल्ली**

चाणक्यपुरी में इजरायली दूतावास के समीप हुए धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध दिखे हैं।

साथ ही इजरायली राजदूत के नाम धमकी भरा पत्र मिला है। इसके बाद दूतावास के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मंगलवार को शाम पांच बजे इजरायली दूतावास के पीछे विस्फोट हुआ था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने घटना की जानकारी दिल्ली पुलिस को दी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल की जांच की। वहां से मिले साक्ष्य को जांच के लिए भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस के साथ एनआईए की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है।

## 'शासन-प्रशासन जनसहयोग से माघ मेला को बनाएंगे दिव्य एवं भव्य'

**लखनऊ**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि शासन-प्रशासन जनसहयोग से माघ मेला को दिव्य एवं भव्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इसे 2025 में होने जा रहे महाकुंभ के ट्रायल के तौर पर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार हजार के आसपास संस्थाएं माघ मेला में सहभागी बनेंगी। मेला क्षेत्र के आसपास के दायरे में चेकर प्लेट लगाई जा रही है। साथ ही स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पूरे माघ मेला क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को महाकुंभ और माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा के बाद पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल निकासी के लिए मेला क्षेत्र में ड्रेनेज पाइप लाइन बिछाई जा रही है। साथ ही रोशनी की उचित व्यवस्था रहे इसके लिए 18000 से अधिक एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था कर रहे हैं। स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 21 हजार शौचालय बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला के दृष्टिगत गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष कल्पवासियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। इसको ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए चिकित्सालय की व्यवस्था की जा रही है। इसके आलावा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष घाट बनाएं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक और पार्किंग की उचित व्यवस्था हो इसके लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। मेला के दौरान शहर में जाम की समस्या न होने पाए जिला प्रशासन के अधिकारी इसे सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लगभग दो महीने तक यह पूरा आयोजन चलेगा। इस दौरान 6 मुख्य स्नान हैं। इसके लिए सभी संस्थाएं बेहतर तालमेल के साथ भव्य माघ मेला के आयोजन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि माघ मेला में श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधा देकर प्रयागराज को स्वच्छता और भव्य कुंभ का संदेश देने में हम सफल होंगे।




**फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री योगी ने यमुना नदी में उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट का लोकार्पण किया। यह रेस्टोरेंट प्रयागराज में जल पर्यटन को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस रेस्टोरेन्ट में जहां पर्यटकों को एक ओर कॉन्टीनेन्टल व्यंजन परोसे जायेगें। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की लुप्त होती पाक कला से बने व्यंजनों का रसास्वादन भी पर्यटक कर सकेंगे। फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट में एक समय में 40 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था की गयी है। पर्यटकों के मनोरंजनार्थ स्पीड बोट, मिनी क्रूज बोट, बनाना राइड एवं सोफा राइड जैसी सुविधाएं भी भुगतान के आधार पर उपलब्ध रहेगीं।

## संभावित दुर्घटना से बचने के लिए इफको में हुआ पूर्वाभ्यास

**अखंड भारत संदेश**





**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में बुधवार को आनसाइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान अमोनिया स्टोरेज टैंक 2103 एफ के कंट्रोल वाल्व ईवीएम 3501 के अपस्ट्रीम आइसोलेशन वाल्व के डाउनस्ट्रीम फ्लैंज से अमोनिया रिसाव जैसी स्थिति पैदा की गई। पहले रिसाव आरंभ हुआ उसके बाद अग्निशमन दल ने अमोनिया रिसाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया एवं बचाव दल ने घायलों को अस्पताल पहुँचाया। इसके पश्चात स्थानीय प्रशासन व इफको प्रबंधन एवं समस्त विभागाध्यक्षों के साथ ऑनसाइट इमरजेंसी प्लान की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने इस तरह के मॉक ड्रिल को जरूरी बताया एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल को और मजबूत करने के निर्देश सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। इस दौरान अग्निशमन विभाग (इफको), स्थानीय प्रशासन, अग्निशमन विभाग उत्तर प्रदेश, सुरक्षा विभाग की टीमों ने पूर्वाभ्यास में सहयोग किया। पूर्वाभ्यास में वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया, अग्निशमन स्टेशन सोरांव प्रभारी रमई राम, महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी. मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, डॉ अनीता मिश्रा, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, उपमहा प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा पी.के.वर्मा,इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, चिकित्सा अधिकारी सत्य प्रकाश, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी, मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा संजीव कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल दिनेश सिंह, सतर्कता अधिकारी अजय मिश्र एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुर्सी दौड़ में उन्नति, मोहित, शानवी अव्वल

**झूंसी।** सरायतकी स्थित टीपी मेमोरियल विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज एवं अभिगयान एकेडमी में चार दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राइमरी कुरसी दौड़ में उन्नति, मोहित, शानवी अव्वल रही। खो-खो बालक वर्ग में अभिषेक की टीम प्रथम रही। बालिका वर्ग में पलक और रीतू की टीम का पहला स्थान रहा। कैरम में प्रखर, नैतिक, सार्थक, अशुमान प्रथम रहे। शतरंज में अंकुर पांडेय ने बाजी मारी। सीनियर वर्ग में राबिन का पहला स्थान रहा। लूडो में अंकुश प्रथम तथा आदित्य दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग लूडो में अनामिका, प्रथम, नीतू दूसरे तथा सुहानी तीसरे स्थान पर रही। खो-खो- सीनियर वर्ग में आरती पाल की टीम प्रथम आई। सीनियर वर्ग कुर्सी दौड़ में अर्पित और रोहन प्रथम रहे। इस दौरान संस्थान के प्रबंधक वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत उपाध्याय समस्त शिक्षकों के साथ खेलकूद में प्रतिभा कर रहे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

## प्राइवेट बसों में यात्रा करने के लिए लोग मजबूर !

**अखण्ड भारत संदेश**



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडाखास से प्रयागराज, मिजार्पुर, विन्ध्याचल के लिए एक भी सरकारी बस सेवा न होने से लोगों को प्राइवेट डग्गामार बसों व अन्य साधनों से यात्रा करने पर मजबूर हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वीपी सिंह जब तक जीवित थे, तब तक मांडाखास से प्रयागराज, कानपुर, विंध्याचल, कोरांव, बड़ोखर, मेजा, बरौंधा, हनुमना, ड्रामंडगंज आदि के लिए दर्जनों सरकारी बसें चला करती थीं। इस समय केवल एक बस वाराणसी से मांडाखास के लिए संचालित है। मांडाखास से प्रयागराज और वाराणसी की दूरी लगभग एक समान है। इस क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों लोग प्रतिदिन प्रयागराज, विंध्याचल व वाराणसी जाते हैं। बसों का संचालन बंद होने से छात्र, व्यवसायी, वादकारी , मरीज सहित तमाम लोगों को मजबूरी में प्राइवेट साधनों और डग्गामार बसों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसमें सवारियों को भूसे की तरह भरकर मनमाने किराये वसूले जाते हैं। ज्यादातर प्राइवेट बसें परिवहन सहित विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त व कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के हैं, जिसके चलते एक साजिश के तहत सरकारी बसों का आय कम दिखाकर धीरे धीरे सभी सरकारी बसों का संचालन बंद करवा दिया गया और अब उनके स्थान पर प्राइवेट बसें धड़ल्ले से चल रही हैं और अच्छी आय भी दे रही हैं। बंद बसों के पुनः संचालन के लिए तमाम लोगों ने क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम प्रयागराज को ज्ञापन दिया, लेकिन बंद बसों का संचालन शुरू नहीं हो पाया।

## भाजपा नेता डा संगम मिश्र शहीद रविशंकर यादव को श्रद्धांजलि देने टीम के साथ पहुंचे मदरा मुकुंदपुर




**मेजा।** डॉ वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी संगम मिश्र के प्रतिनिधि के द्वारा अमर शहीद रविशंकर यादव को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मेजा के मदरा मुकुंदपुर डांडिया प्रयागराज में अमर शहीद रवि शंकर यादव की शहादत के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ संगम मिश्र टीम एस. के.तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी प्रयागराज एवं शंकरदेव के नेतृत्व में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहादत सम्मान पुष्प अर्पण समारोह में डॉ संगम मिश्र के प्रतिनिधि के रूप में एस के तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी स्कूल प्रयागराज ने पुष्पांजलि अर्पित की। यश के तिवारी जी ने कहा शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वरष मेले। वतन पर मरने वालों का यही बांकी निशां होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र की टीम के वहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने सभी का स्वागत सम्मान किया।कार्यक्रम में आए हुए कमांडेंट चंद्रभान सिंह ने शहीद परिवार और गांव वालों को देश सेवा में अपने को सदैव बलिदान होने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा ऐसे गर्व के समय जीवन में बहुत कम आते हैं। सहीद रवि शंकर यादव के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्याम करण यादव पूर्व फौजी ने अपने ओजस्वी विचार रखे। उन्होंने राजनेताओं से गांव मदरा मुकुंदपुर सहीद के घर तक पक्की सड़क बनाने के लिए कहा। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य श्री कुलदीप सिंह ने कहा सहीद के परिवार की मांगों पर आप लोग एक आवेदन मुझे दीजिए।मैं सरकार से 1 वर्ष के अंदर यह काम अवश्य कर आऊंगा। शाहिद के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में आसपास के गांव से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सहीद के परिवार ने सभी लोगों के आतिथ्य सत्कार हेतु भोजन जलपान की व्यवस्था की थी।

## पटाखा दगा देने पर निकाह पढने से काजी ने मना करते हुए बारात को किया बैरंग वापस

**मऊआइमा।** सऊदी अरब में रहकर लडकी और लडका पक्ष ने शादी के लिए रिश्ता तय कर लिए।और यह शर्त रखी कि शरियतन शादी करेंगें।भारत आ कर मऊआइमा से बारात बस्ती गयी। जहां पटाखा दगा देने पर लडकी पक्ष और काजी ने शादी से इंकार करते हुए बारात को बैरंग वापस कर दिए। जिससे लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया गया है कि मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव का एक अधेड़ सऊदी अरब में सिलाई का काम करता है जबकि साथ में बस्ती जिले का एक व्यक्ति भी काम करता था ?। बताया गया है कि दोनों में रिश्ते की बात चलाई।बताते हैं कि मऊआइमा के लडके की शादी बस्ती में शरियत से होना तय हो गया। बताते हैं कि एक दिसम्बर को दोनों भारत आ कर 26 दिसम्बर को निकाह शाम के समय तय हुई। बताया गया है कि पांच लोगों से दूल्हा बारात लेकर बस्ती गया जहां किसी ने पटाखा दाग दिया। पटाखा की आवाज सुन कर काजी भड़क गए।और निकाह करने से मना करते हुए जो भी मौलाना आता सभी को निकाह पढाने से मना करते हुए कहा कि पटाखा दगाना जब हराम है तो किस बात का शरियतन शादी। बहरहाल दूल्हा और उसके साथियों को बडी बेइज्जती झेलनी पड़ी तथा वह बैरंग बिना निकाह दूल्हन के वापस बुधवार को शाम को लौट आए।जिसे लेकर गांव में चर्चा बना हुआ है।तथा लडका पक्ष रिश्ते में एक युवती के साथ शादी शुक्रवार को तय हो गई है।

### बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बात कर रहे युवक की बाइक चोरी

**मऊआइमा।** सब्जी लेकर बाइक से घर जा रहे युवक वन विभाग के निकट बाइक खडी करके बातें करने लगा जैसे वह पीछे हुआ पलभर में चोरों ने बाइक उडा दी। भुक्तभोगी ने ऑन लाइन मुकदमा दर्ज करा कर एक प्रति मऊआइमा थाने में दी है। बताया गया है कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मलखानपुर निवासी बलवन्त पुत्र हरिलाल अपने घर से बाइक लेकर मऊआइमा आया था। बताते हैं कि वह सब्जी आदि खरीद कर बुधवार को लगभग तीन बजे मऊआइमा वन विभाग के पास बाइक खडी कर के मोबाइल से बातें करने लगा जैसे पीछे मुडा अज्ञात चोरों ने पलभर में गायब कर दिए। बलवंत ने ऑन लाइन अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर एक प्रति मऊआइमा थाने में दी है।

## संस्कृति उत्सव -2023 में लोक कलाकारों ने दिखाया दमखम




**मेजा।** प्रदेश की योगी सरकार की मंशानुरूप संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व- ₹हमारी संस्कृति, हमारी पहचान₹ के अन्तर्गत तहसील स्तरीय ' संस्कृति उत्सव-2023' मेजा स्थित लक्ष्मी नारायण इंटर कालेज में बुधवार को आयोजित हुई,जिसमें लोक कलाकारों ने अपनी प्रतिभा को मंच के माध्यम से दिखाया। प्रतियोगिता में एकल गीत,समूह नृत्य और लोकगीत के कुल 11 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें लोकगीत में क्रमशः शिवराज, मुशरफ अली और रामसखा एकल गीत में क्रमशः राव श्रीवास्तव,पवन और रमन कुशवाहा तथा समूह नृत्य में यशी शुक्ला ने प्रथम और रमन कुशवाहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मुख्य अतिथि बीडीओ मेजा सरिता सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में प्रचलित लोकगीत, लोक नृत्य, लोकनाट्य के लोक कलाकारों को प्रोत्साहन करना है। निर्णायक की भूमिका में विमल श्रीवास्तव, अनामिका पांडेय, चंदन सिंह, अजीत कुमार और अनूप कुमार रहे। अध्यक्षता ब्रह्मपति शुक्ल और सफल संचालन राजेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार सिंह, बीईओ मेजा कैलाश सिंह, एडीओ पंचायत अखिलेश तिवारी, शिक्षक संघ अध्यक्ष मनीष तिवारी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख जंगीलाल गुप्ता, समाजसेवी लालजी मिश्र और मयंक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### नौ दिन सुनिए श्री राम कथा का आयोजन 2 जनवरी से

**सहसों।** श्री राम जानकी मंदिर सहसों बाजार के निकट नौ दिन सुनिए श्री राम कथा का आयोजन 2 जनवरी से प्रारंभ होकर 10 जनवरी तक श्रवण कराया जाएगा। जिसमें श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति प्रयागराज के संयोजन में मां शारदा धाम मैहर से पधारीं महामंडलेश्वर साध्वी माता अन्नपूर्णा के अमृतमयी वांणी से कथा का सायंकाल 6 बजे से श्रवण कराया जाएगा। कथा रसिक श्रोता नर नारियों से अनुरोध किया गया है कि कथा पंडाल में उपस्थित होकर कथा का श्रवण कर अक्षय पुण्य के भागी बने। उक्त आशय की जानकारी आशीष केसरवानी अध्यक्ष श्री रामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार ने दी।

### करछना अधिवक्ता वेलफेयर चुनाव मे संयुक्त मंत्री पद के लिए चुने गये ब्रह्मदत्त मिश्रा, अध्यक्ष उपाध्यक्ष , महामंत्री रहे निर्विरोध चयनित




**करछना।** तहसील करछना में बुधवार को अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया शान्ति व्यवस्था के चुनाव संपन्न कराया गया इस मौके पर वेलफेयर एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, महामंत्री कृष्ण कुमार पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अवतार किशन सिंह, मुजीबुर्रहमान मीना जी , संयुक्त मंत्री चुनाव , संयुक्त मंत्री कोषाध्यक्ष सत्यदेव पटेल , मीडिया प्रभारी प्रतिक शुक्ला , पुस्तकालय अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह , चुनाव निर्णायक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता केपी सिंह, कृष्णा कांत निषाद , सुरेश चन्द्र सिंह , राकेश कुमार शुक्ला की निगरानी में चुनाव सम्पन्न कराया गया , चुनाव संपन्न के पश्चात निर्वाचित घोषित हुए पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया,

### सेवानिवृत हुए एबीएसए अनिल त्रिपाठी की धूमधाम से हुई विदाई




**करछना।** बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करछना के प्रांगण में अवकाश प्राप्त हो रहे खंड शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी का बेसिक परिवार करछना की ओर से भव्य स्वागत किया गया एवं विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर विकास खंड के शिक्षक साथियों शिक्षक बहनों शिक्षामित्र साथी शिक्षा मित्र बहनों अनुदेशक और कार्यक्रम अनुचर साथी एवं बी आर सी के समस्त स्टाफ एवं विशेष शिक्षकों द्वारा एकत्रित होकर विशाल जनसभा ऐतिहासिक कार्यक्रम किया इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष शिव बहादुर सिंह मंत्री रविंद्र नाथ मिश्रा मनोज मिश्रा मनोज सिंह के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह कोषाध्यक्ष विनय सिंह प्रमोद मिश्रा इंद्रभूषण प्रमोद मिश्रा प्रसाद शुक्ला अमित सिंह उमेश राय पवन शर्मा विवेक सिंह महेंद्र सिंह द्विवेदी समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित लोग उपस्थित रहे।

## गिरधरपुर में दी गई दोबारा आवास, शौचालय, रिबोर की जांच रिपोर्ट नहीं कराया उपलब्ध

**अखण्ड भारत संदेश**

### गिरधरपुर ग्राम पंचायत की प्रधान के पति है रोजगार सेवक




**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायत गिरधरपुर में दोबारा आवास, शौचालय, रिबोर देने की चर्चा सुर्खियों में हैं। अधिकारियो की ढुल मुल रवैए से जांच न होने पर वर्तमान प्रधान अपने मनमानी ढंग से सरकारी धन को बन्दर बांट कर गबन कर लिया गया है। गिरधरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान पति प्रेम कुमार रोजगार सेवक व सचिव की साँठ गांठ से चरम सीमा पर भ्रष्टाचार फूल फल रहा है जिसकी चर्चा क्षेत्र में फैली हुई है। वहीं प्रधान के पति प्रेम कुमार ग्राम रोजगार सेवक के पद पर विगत कई वर्षों से कार्यरत हैं। जिससे मांडा ब्लॉक के अधिकारी ,कर्मचारी प्रभावित होकर भ्रष्टाचार के सामने घुटने टेक दिया करते हैं। भ्रष्टाचार को प्रकाशित करने के लिए पूर्व में दिए गए फरियादी के प्रार्थना पत्र की छाया प्रति के साथ हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर जांच कर आख्या रिपोर्ट कि मांगी की हैं। उधर ग्राम पंचायत गिरधरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दोबारा आवास शौचालय, रिबोर व पेंशन आदि का मुद्दा छाया रहा और ग्राम पंचायत के भरथीपुर गांव निवासी हजारी लाल सोनकर ने ग्राम प्रधान व सचिव पर पैसा लेकर दोबारा आवास,शौचालय, रिबोर आदि सरकारी सुविधाए देने का गम्भीर आरोप लगाया है।

### बीना तलाक दिए ही पति ने की दूसरी शादी

**मांडा।** दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकालने के बाद बिना विवाहिता को तलाक दिये पति ने दूसरी शादी भी कर ली। विवाहिता के बाबा के तहरीर पर पति, ससुर सहित पांच आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के मोगलहा गांव निवासी श्याम सुंदर चौबे ने मांडा थाने में तहरीर दी कि उन्होंने अपनी पोती शिवानी की शादी 12 दिसम्बर 2021 को कोरांव थाना क्षेत्र के बहियारी गांव निवासी अभिषेक पांडेय के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। शादी में ढाई लाख रुपये नकद व अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। शादी के कुछ महीने तक तो ठीक बीते। उसके बाद पति अभिषेक, सास सुशीला देवी, ससुर दिग्विजय पांडेय, जेठ अरविंद पांडेय व चचेरे ससुर रंजीत पांडेय दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित और परेशान करने लगे। कई बार बिरादरी पंचायत भी हुई, लेकिन स्थिति जस की तस रही।

विवाहिता को पीटकर घर से निकालने के बाद आरोपियों ने मध्य प्रदेश के त्योंथर थाना क्षेत्र के बुदाना, उमरी गोविंदपुर गांव निवासी संतोष कुमार मिश्रा की बेटी रोशनी के साथ 13 दिसम्बर 2023 को अभिषेक की दूसरी शादी भी कर दी। तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सत्यम सिंह चंदेल को जिला महासचिव बनाए जाने पर लोगों में हर्ष

**सहसों।** अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान प्रयागराज के अध्यक्ष राजकुमार सिंह व प्रमुख महासचिव विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा सहसों ब्लॉक के थानापुर गांव निवासी सत्यम सिंह चंदेल को संगठन का जिला महासचिव युवा मोर्चा पद पर मनोनयन प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों तथा अन्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किए। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से अमन सिंह राजपूत, अश्विनी प्रताप सिंह शनी, शुभम सिंह, तेज प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, प्रमोद सिंह सहित आदि लोग रहे।

### एसडीएम ने पकड़ी ओवर लोड ट्रक किया सीज

**कोराव।** एसडीएम कोरांव अविनाश सिंह यादव ने लेंडियरी में एक ट्रक को ओवर लोड पाए जाने पर सीज कर दिया। बता दें कि एसडीएम कोराव भ्रमण में थे कि ट्रक नंबर ४स्त्र 33 ए 8202 को अवर लोड हालत में देख चेक किया और सीज की कार्यवाही करते हुए इलाकाई थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं की रात में तो छोड़िए दिन में भी चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को चोरों ने आवास विकास कॉलोनी योजना 3 में दिनदहाड़े मकान के बाहर खड़ी एक बाइक उड़ा दी। सुरेश चंद्र मिश्र ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसने मंगलवार दोपहर घर के सामने बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। कुछ घंटों बाद बाहर आया तो बाइक गायब था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रिंटर खराब, नहीं जमा हुआ बिजली का बिल

**झूंसी।** प्रिंटर खराब होने की वजह से झूंसी पावर हाउस में बुधवार को बिजली का बिल नहीं जमा हो सका लोग घंटो लाइन में लगे रहे फिर अपने घर वापस लौट गए। बिजली का बिल जमा करने पहुंचे संतोष पांडे ने बताया कि घंटो लाइन में लगे रहने के बाद बताया गया कि प्रिंटर काम नही कर रहा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**मऊआइमा।** बाइक से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मऊआइमा फ्लाइओवर ब्रिज पर जोरदार टक्कर मार दी।सूचना पर पहुची पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां डाक्टरों ने यूवक को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हाईवे फ्लाइओवर ब्रिज पर बुधवार दोपहर को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी।जिसे पुलिस अस्पताल ले गयी जहां डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। जिसे रामफल इनारी पुलिस चौकी प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों ने परिजनों को सूचना दे कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक का नाम राजन सिंह 28 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार सिंह ग्राम कटराइन्द्र कुंवर थाना सदर प्रतापगढ़ का निवासी है।राजन सिंह तीन भाईयों में सबसे बडा था । मृतक की दो पुत्रियां आरसी 4 वर्ष ,आमली दो वर्ष तथा पत्नी चंदा देवी और माता राधा देवी का रो रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## संकल्प यात्रा में गिनाई सरकार की उपलब्धियां




**शंकरगढ़, प्रयागराज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम सभा बेमरा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया।केंद्र सरकार की योजनाओं के विषय में ग्राम सचिव बलवंत चौहान ने ग्रामीणों को विस्तार से बताया।ग्रामीणों को जनधन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,शौचालय, हर घर नल योजना, विधवा, विकलांग पेंशन जैसी तमाम महत्वपूर्ण केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई,जिससे ग्रामीण लाभान्वित हो सकें।सांसद के प्रतिनिधि के रूप में आलोक गुप्ता ने कहा, भारत का सही मायने में विकास तभी संभव है, जब समाज के अंतिम छोर पर खड़ा परिवार भी खुशहाल बने। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें और उनका लाभ पात्र जरूरतमंदों तक पहुंचाएं।अंत में नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार ने विकसित भारत के लिए सभी को शपथ दिलाई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेश सिंह, कृषि विभाग से चंद्रशेखर,आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुषमा शुक्ला, रोजगार सेवक कमल कुमार,एनम प्रमिला सिंह, सीचओ प्रिंस सिंह, दिवाकर सिंह,हरपाल सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक नीलम करवरिया के नेतृत्व में लखनपुर गांव में निकाली गई संकल्प यात्रा




**मेजा।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए गए विकास कार्यों को लेकर बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा राष्ट्रीय शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज लखनपुर से निकाली गई। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया भी सरीख हुई।उल्लेखनीय हैं कि विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा उक्त इंटर कॉलेज से निकल कर मेजारोड चौराहा होते हुए वापस विधायक श्रीमती करवरिया की अगुवाई में लखनपुर गांव में पहुंचा जहां केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओ एवं विकास कार्यों के बारे में डोर टू डोर ग्रामीणों को विस्तार से सकल्प यात्रा में लगी एलईडी टीवी के जरिए जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ आगामी लोकसभा चुनाव में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा की गई। जन जागुरुकता के दौरान पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू रहा है और निरंतर विकास की ओर कदम बढ़ा रहा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल, मण्डल महामंत्री राजीव तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लखनपुर संदीप तिवारी, अखिलेश अवस्थी, हीरा दुबे, रूप नारायण मिश्र, आकाश, आल्हा तिवारी, तथा धीरज दुबे आदि पदाधिकारियों के अलावा सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।









# 2025 के महाकुंभ में दुनिया देखेगी भारत का सांस्कृतिक वैभव : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने संगमनगरी का किया दौरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संगमनगरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनपद में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने उच्च अधिकारियों के साथ संगम तट पर महाकुंभ और माघ मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 2019 के दिव्य और भव्य कुंभ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है। 2025 के महाकुंभ से दुनिया भर की अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। संसार के समक्ष अपने को भारत के नए प्रतीक चिह्न के रूप में प्रस्तुत करने का यह एक स्वर्णिम अवसर है। आगामी कुंभ में दुनिया भारत का सांस्कृतिक वैभव देखगी।

## संगम नोज पर किया मां गंगा का पूजन

प्रयागराज दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने सर्व प्रथम वीआईपी घाट पर मां गंगा का पूजन किया। उसके बाद वह संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने मेलाधिकारी के साथ मेले की तैयारी का पूरा जायजा लिया। वहां से मुख्यमंत्री किला घाट पर बने पक्के घाट का निरीक्षण कर किले के अंदर भी तैयारियों को देखा। इसके बाद वह किला घाट, दशाश्वमेघ घाट के निर्माण कार्य एवं अक्षयवट, पातालपुरी व सरस्वती कूप कॉरिडोर आदि के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

## माघ मेले को महाकुंभ के पूर्वाभ्यास के तौर पर लें

माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसे महाकुंभ के पूर्वाभ्यास के तौर पर लें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं पर्यटन की सुविधाओं को प्रदर्शित करते हुए हम इस बार के महाकुंभ को और दिव्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयोजन के दौरान स्वच्छता के मानक गढ़ें और इस बात का ध्यान रखें की मेला में प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग ना होने पाए। इसके लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करते हुए श्रद्धालुओं को जागरुक करें।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महाकुंभ और माघ मेला के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करके भीड़ नियंत्रित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि साधु-संतों और कल्पवासियों को समुचित व्यवस्था मिले। साथ ही किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कों को दुरुस्त करने के साथ बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ और माघ मेला के दौरान स्थानीय कलाकारों के कला-शिल्प की बिक्री के लिए प्रदर्शनी लगाएं। इससे कलाकारों की आजीविका में मदद मिलेगी।



# मुख्यमंत्री के स्वागत में कतारबद्ध रहे भाजपाई हुए मायुस,नहीं पहुंचे मुख्यमंत्री सर्किट हाउस

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हो या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सबके प्रयागराज संगम नगरी या अन्य कही आने पर सबसे ज्यादा यदि किसी को खुशी होती है तो वह भाजपा का अथक परिश्रम करने वाला कार्यकर्ता होता है। उसके खुशी में और चार चांद तब लग जाता हैं जब अपने मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री से मिलकर स्वागत करने का सौभाग्य मिल जाता है। लेकिन बुधवार को प्रयागराज आए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने को सर्किट हाउस में यमुनापार -गंगापार-महानगर के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता सर्किट हाउस में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों और मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारियों ने चेकअप कर कतारबद्ध (लाईनप) खड़ा करा दिया था। काफी देर खड़े होंने के बाद मुख्यमंत्री के सर्किट हाउस ना पहुंचने की सूचना पर भाजपा कार्यकताओं को भारी निराशा हुई। स्वागत हेतु उपस्थित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया कि कार्यकर्ता चर्चा करते रहें की पार्टी की सेवा के साथ अपने नेता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर स्वागत का फोटो मात्र मिल जानें से लगता है परिश्रम का फल मिल गया लेकिन कई बार लाईनप होंने के बाद भी अपने मुख्यमंत्री का स्वागत ना कर पानें का मलाल कार्यकताओं के चेहरे पर छाया रहा।

# डंपर-कंटेनर के बीच आने से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली इलाके के टोल प्लाजा के पास घने कोहरे की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दोनों सोरांव के रहने वाले हैं। बुधवार सुबह सात बजे यह घटना हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। काफी देर बाद दोनों की शिनाख्त हो सकी है। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस को यह जानकारी मिली है कि दोनों सोरांव इलाके के रहने वाले थे। हंडिया कोतवाली इलाके के बगहां गांव के सामने हाईवे पर कानपुर की तरफ जाने वाले मार्ग पर एक एक ढाबे के पास सड़क किनारे एक कंटेनर खड़ा था। बुधवार सुबह करीब सात बजे कानपुर की तरफ आ रहे एक डंपर ने सड़क के किनारे खड़े कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। इसी दौरान डंपर और कंटेनर के बीच खड़े बाइक सवार दो छात्रों की मौत हो गई। एक की मौत तो मौके पर हो गई जबकि दूसरे ने कुछ देर बाद सीएचसी में दम तोड़ दिया। मौके



पर पुलिस पहुंच गई। बाइक रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली की दोनों सोरांव इलाके के रहने वाले थे। बताया जा है कि सुबह काफी घना कोहरा था और आगे कुछ दिख नहीं रहा था। घटना उस समय हुई जब सड़क के किनारे खड़ा कंटेनर का चालक वाहन को पीछे कर रहा था। इसी दौरान कानपुर की तरफ से आ रही डंपर ने उसमें जोरदार धक्का मार दी। दोनों वाहनों के बीच में बाइक सवार कब आ गए यह कोई नहीं देख सका। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस मौके पर पहुंच गई।

### कंप्यूटर की परीक्षा देने आ रहे थे हंडिया

काफी देर तक छानबीन के बाद पुलिस को दोनों के बारे में जानकारी हो सकी। हादसे में जान गंवाने वाले शिवम (22) पुत्र शिव बहादुर निवासी राजापुर कस्बा थाना सोरांव और अश्वनी पटेल (23) पुत्र सुग्रीव पटेल निवासी सरसा थाना सोरांव बताए जा रहे हैं। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया जाता है कि दोनों युवक कंप्यूटर की ओ लेवल परीक्षा देने के लिए मिजार्पुर जा रहे थे। फिलहाल परिजनों को आने के बाद ही दोनों के बारे में सटीक जानकारी हो सकेगी।

## बाइक सवार को बचाने में तेज रफ्तार कार महिला को रौंदते हुए बस से भिड़ी, दो की मौत

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के उपरदहां गांव के सामने तेज रफ्तार कार बाइक सवार को बचाने के चक्कर में महिला को रौंदते हुए सड़क के किनारे खड़ी बस से टकरा गई। हादसे महिला समेत कार में आगे की सीट पर बैठे युवक की मौत हो गई। कार सवार चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हालत नाजुक देख दोनों को एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पर्यटकों की एक बस वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रही थी। बुधवार को दोपहर करीब बारह बजे बस उपरदहां में एक पेट्रोल पंप के पास हाईवे के किनारे खड़ी करके सभी पर्यटक नित्य कार्य से निवृत्त होने के लिए बस से नीचे उतरे थे। एक महिला पर्यटक विभा देवी (72) पत्नी सुभाषचंद्र अग्रवाल निवासी नई बस्ती, गुरु रोड देहरादून उत्तराखंड सड़क पार करने लगी। इसी समय वाराणसी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार सामने आए बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई। कार विभा देवी को रौंदते हुए सड़क के किनारे खड़े बस से टकरा गई।

### कार में सवार पति की मौत, पत्नी और चालक घायल

हादसे में कार में ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे राहुल निवासी पुणे महाराष्ट्र की मौत हो गई। हादसे में चालक समेत राहुल की पत्नी प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी हंडिया भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख दोनों को एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि राहुल भी अपनी पत्नी प्रीति के साथ टूर पर निकले थे।

# सपा ट्विटर हैंडल संचालक मनीष पर दो मामलों में चार्जशीट, ऋचा सिंह ने दर्ज कराए थे केस

**प्रयागराज।** सपा के ट्विटर हैंडल संचालक मनीष जगन अग्रवाल पर दो मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई है। यह दोनों मामले पूर्व सपा नेत्री रिचा सिंह ने दर्ज कराए थे। विवेचना में सामने आए तथ्यों क आधार पर पुलिस ने आरोप सही पाते हुए यह कार्रवाई की है।मनीष जगन अग्रवाल मूल रूप से पुरवारी टोला थाना बिसवां जनपद सीतापुर का रहने वाला है। वर्तमान में वह सेलिब्रिटी मिंडोज, सुशांत गोल्फ सिटी लखनऊ में रहता है। 18 व 23 अगस्त को रिचा सिंह ने शिवकुटी थाने में उसके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें से एक मुकदमे में छेड़खानी, धमकी व आईटी एक्ट की धाराएं लगी थीं। आरोप था कि रिचा के एक ट्वीट के उत्तर में मनीष ने अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। साथ ही अपमानित करने व देख लेने की धमकी दी। दूसरे मुकदमे में लज्जा भंग करने का आरोप लगाया गया था। आईटी एक्ट की भी धाराएं लगी होने के कारण मुकदमे की विवेचना कर्नलगंज इंस्पेक्टर बृजेश सिंह को स्थानांतरित की गई थी। उन्होंने विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर दोनों मुकदमों में चार्जशीट दाखिल कर दी।

### लखनऊ में भी दर्ज हो चुका है केस

मनीष जगन अग्रवाल पर लखनऊ में भी केस दर्ज हो चुका है। छह जनवरी को भाजपा युवा मोर्चा की सोशल मीडिया इंचार्ज ऋचा राजपूत ने समाजवादी पार्टी मीडिया सेल नाम से बने ट्विटर हैंडल से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए हजरतगंज थाने में केस दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने मनीष को गिरफ्तार भी किया था।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम मंफोर्डगंज में किया गया आयोजित

**प्रयागराज।** प्रत्येक पात्र व हकदार व्यक्तियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले और जो हकदार अभी तक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं। उन्हें लाभ से जोड़ा जाए, उनका पंजीकरण कराया जाए तथा उन्हें लाभ प्रदान किया जाए। इसी उद्देश्य के साथ चलाए जा रहे पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तरह आज सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार प्रयागराज तथा नगर निगम के सहयोग से फावारा चौराहा मंफोर्डगंज प्रयागराज में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत आधार सेवा शिविर उज्ज्वला योजना जिला नगरीय विकास अभिकरण प्रधानमंत्री जन औषधि समाज कल्याण दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान कार्ड आदि के स्टॉल लगाए गए थे। स्टाल के माध्यम से क्षेत्रीय

### माननीय जनप्रतिनिधिगणों ने माननीय प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा



लोगों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया। साथ ही उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण के दौरान मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, माननीय सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, माननीय विधायक शहर उत्तरी इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई, माननीय एमएलसी प्रयागराज श्री सुरेंद्र चौधरी, माननीय एमएलसी प्रयागराज श्रीमती निर्मला पासवान, माननीय विधायक फाफामऊ श्री गुरु प्रसाद मौर्य सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के लाइव कार्यक्रम को देखा और सुना। उपस्थित लोगों को माननीय मंत्री जी द्वारा संकल्प दिलाया गया। साथ ही सरकार द्वारा आयोजित इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश भी डाला गया। उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित 2024 का कैलेंडर भी उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किया और बताया कि सरकार की योजना मिलने से हमारे जीवन में किस तरह से परिवर्तन आया है।उपस्थित लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित 2024 का कैलेंडर उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी भारत सरकार राम मूरत विश्वकर्मा, कुंज बिहारी, आंचल ओझा, अभिषेक सिंह, राघवेंद्र ,क्षेत्रीय पार्षद सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्ययन विभाग का प्रथम पुरातन छात्र सम्मेलन संपन्न

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्ययन विभाग का प्रथम पुरातन छात्र सम्मेलन सिविल लाइन्स के होटल युगांतर में आयोजित हुआ। 1940 में स्थापित होने वाले विभाग जोकि अपने 83 वर्ष में प्रथम पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित कर रहा था जोकि विभाग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था, पुरा छात्रों में अपने गुरुजनों एवं सहपाठियों से मिलने की खुशी थी, तो अपने समय की बातों को साझा करने का हर्षोल्लास भी था, विभाग के पुरा छात्र जोकि वर्तमान में विभिन्न पदों को सुशोभित कर रहे हैं भी उपस्थित रहे, करीब 200 पुरा छात्र इस सम्मेलन में उपस्थित हुए, इस सम्मेलन में सबसे वरिष्ठ पुरा छात्र प्रो. आर. एन. स्वरूप जिनकी आयु भी 83 वर्ष ही है, इसके अतिरिक्त प्रो. आर.के. टंडन, प्रो. आर.के. उपधायाय, प्रो. धीरेंद्र द्विवेदी, प्रो. अरविंद चतुवेर्दी, डा. महेंद्र प्रताप यादव, डॉ. चंद्रेश पांडेय, अभिषेक पांडेय, जयकिशन सिंह आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन वर्तमान में विभागाध्यक्ष प्रो. प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन में हुआ तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. भारती दास ने किया।




# बामसेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन चौथे दिन भी रहा जारी

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** दिन मंगलवार को किसान महाविद्यालय खेराहट रीवा रोड़ में बामसेफ का राष्ट्रीय अधिवेशन चौथे दिन भी जारी रहा, अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए बामसेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गनोरकर ने कहा कि बामसेफ का अधिवेशन ऐतिहासिक रहा है और बेहद सफल रहा, हमारी उम्मीद से ज्यादा साथियों ने इस अधिवेशन में भाग लिया और ज्यादा साथियों की व्यवस्था के लिए हमें बार बार पंडाल को बढ़ाना पड़ा,जिसके कारण आपको कुछ परेशानियां भी आई होगी लेकिन आपने इसके बावजूद अधिवेशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया है और इसके लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। आप सभी कार्यकताओं को यहां से जाने के पश्चात संविधान के प्रचार प्रसार को घर घर तक लेकर जाना है। जाति, धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्र और भाषा की दिवारों को




गिराकर आप सभी कार्यकताओं को लोकतंत्र और संविधान के लिए काम करना है। इंसानियत और मानवता हमारे पुरखों की महान देन है, हमें समाज से गैर बराबरी और ऊंच नीच की भावना को हर कीमत पर खत्म करना है। आम आदमी को उसके अधिकार दिलाने है। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट अभिषेक चौहान ने कहा कि वकीलों को देश में कानून का शासन, संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक लोकतंत्र और न्याय के लिए काम करना चाहिए। प्रोफेसर डॉ विनोद आर्या ने कहा कि सभी राजनैतिक पार्टियों को भारत का संविधान का निष्पक्ष तरीके से पालन करना चाहिए और मीडिया के साथियों को भी लोकतंत्र के लिए अपनी निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए। अधिवेशन में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ के एस चौहान, बी डी बोरकर,डी आर आर्या,एस आर मौर्या, मनोज कुमार, अनिल उज्जैनवाल, प्रेमपाल गौतम, सुरेश द्रविड़, अशोक बल्हारा, प्रदीप बनसोडे,आशिष जीवने, प्रभाकर निसर्गंध, धनंजय झाकर्डे, जीवन गावंडे,राजा गौतम, ललित कुमार, सुनीता कपरवाल, दिनेश टम्टा, डॉ एम पाल, कर्मबीर टंडन,एन गंगाधर,एन श्रीधर, के नागराजू, हेमराज सिंह पटेल, हरवंश सिंह पटेल,आर के विधार्थी, संधीर बौद्ध आदि भी उपस्थित थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अल्हवा विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजना एवं मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत–अल्हवा के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अद्योलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 28.12.2023 से दिनांक 10.01.2024 सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 11.01.2024 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू0 के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | अल्हवा में कुर्मियान बस्ती तालाब की खुदाई अमृत सरोवर कार्य | 3.62 लाख | 2 माह |
| 1. | मनरेगा | अल्हवा में हामिद के मैरा से प्रा0वि0 तक इण्टरलाकिंग कार्य | 7.92 लाख | 2 माह |

अहद अहमद सिद्दीकी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

सुनील कुमार सरोज
ग्रा0 वि0 अधि0
ग्राम पंचायत अल्हवा
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत –निविदा/2023–24/दिनांक 27.12.2023

# विटामिन-ए की खुराक बच्चों को पिलाकर बनाएं स्वस्थ और खुशहाल: डीएम

## डीएम ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित के विटामिन-ए सम्पूर्णक कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने बच्चो को विटामिन-ए की खुराक पिलायी।



बच्चे को विटामिन-ए की खुराक पिलाते डीएम संजीव रंजन

विटामिन-ए की खुराक जनपद के 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को पिलायी जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि विटामिन-ए बच्चों के स्वास्थ्य के लिये अत्यन्त आवश्यक एवं लाभदायक है, इसकी खुराक जनपद के प्रत्येक बच्चों को मिलनी चाहिये जिससे जनपद का हर बच्चा स्वस्थ और खुशहाल रहे। इस स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विटामिन-ए की खुराक शत प्रतिशत बच्चों को पिलायी जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

बीएचएनडी सत्र में बच्चो को खुराक पिलाया जाये, यदि बीएचएनडी पर बच्चें नही आते है तो एएनएम, आशा, कार्यक.त्री के माध्यम से बुलाया जाये और उन्हें विटामिन-ए की खुराक दी जाये, कोई भी बच्चा विटामिन-ए की खुराक से छूटने न पाये, इस अभियान को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि बच्चों को समय से विटामिन-ए की खुराक दी जाये। छोटी उम्र के बच्चों को यदि सही समय पर खुराक मिल जाये तो काफी बीमारियों से बचा जा सकता है, इसलिये ज्यादा से ज्यादा बच्चों को विटामिन-ए की खुराक से लाभान्वित करायें और इस कार्यक्रम का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला ने विटामिन-ए की जरूरत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 रीना प्रसाद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 ए0एन0 राय सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को प्राथमिकता पर होगा निस्तारण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों/आश्रितों क्रमशः कैप्टन नरेन्द्र प्रताप सिंह, कैप्टन लक्ष्मीकान्त तिवारी, मो0 इस्माइल, साधना सिंह, मो0 रजा खान, सूबेदार विनोद कुमार ओझा, सूबेदार कुतुबअली, रियाज अहमद, छेदीलाल, विनोद कुमार मिश्रा, सूबेदार सन्त लाल सरोज, माया देवी, सूबेदार शिव प्रसाद मिश्र, सूबेदार विजय कुमार यादव, रन्ना देवी श्रीवास्तव, सूबेदार दिनेश कुमार सिंह, सूबेदार मो0 असलम खान, सूबेदार शिवकुमार सरोज, जगदेव प्रसाद यादव आदि ने भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंन्स, पेंशन, चिकित्सा आदि के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। सैनिक बन्धु की बैठक में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों/आश्रितों को शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जाये। उन्होने भूतपूर्व सैनिकों/आश्रितों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है उसका नियमानुसार प्राथमिकता से निस्तारण कराया जायेगा। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र, सैनिक कल्याण के कनिष्ठ सहायक कमल सिंह सहित भूतपूर्व सैनिक/आश्रित व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# कालाकांकर की पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह की प्रधानमंत्री ने की सराहना



प्रधानमंत्री का अभिवादन स्वीकार करतीं पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पंडित मदन मोहन मालवीय के जन्म दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रतापगढ़ पूर्व सांसद एव कालेज प्रबंधिका राजकुमारी रत्ना सिंह को मदन मोहन मालवीय मिशन द्वारा अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया। हरीशंकर सिंह व रामबहादुर राय के सयोजन

### महामना की जयंती पर विज्ञान भवन में विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुई रत्ना सिंह

मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कालाकांकर में हिंन्दोस्थान का सम्पादन करने वाले सुमित्रानन्दन पंत को याद करते हुए राज घराने परिवार की पूर्व सांसद की सराहना किया। इस दौरान भारत के कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मोमेंटो और शाल से राजकुमारी रत्ना सिंह को सम्मानित किया। भारत उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि बनने के बाद राजकुमारी रत्ना सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष सराहना किया। राजकुमारी रत्ना सिंह को मुख्यतिथि के रूप मे शामिल होने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है।

## पूरेबाबू गांव में सैकड़ों जरूरतमंदों को दिया गया मुफ्त कंबल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्वर्गीय पंडित राज नारायण पांडे चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से मुफ्त कंबल वितरण का आयोजन पूरेबाबू गांव में किया गया, जहां पर सैकड़ो लोगों को कंबल वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। यह कार्यक्रम स्वर्गीय राजनारायण पांडे चैरिटेबल ट्रस्ट तथा स्वर्गीय कैलाशपति देवी राज नारायण पांडे की स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की आयोजन बद्री प्रसाद राज नारायण पांडे ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा भाव माता-पिता के प्रति आदर और इंसानियत के नाते यह कार्यक्रम विगत 20 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें पवित्र भाव से लोगों की मदद करने के उद्देश्य से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को शिव प्रकाश मिश्रा सेनानी, तहसीलदार मनोज राय, पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल, रामनारायण इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक विजयंत शर्मा, रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व प्रधानाध्यापक भगवान दास आदि लोगों ने संबोधित किया।

# विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा मे चिल्ड्रेन पैराडाइज के छात्रों ने लहराया परचम

### सात चयनित छात्रों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के सात छात्राओं का विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की।

चयनित छात्राओं को आयोजित समारोह मे सम्मानित किया गया। चिल्ड्रेन पैराडाइस स्कूल परिसर में बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाली अंशिका मिश्रा, प्रियम मिश्रा, प्रार्थना कौशल, दिव्यांशी मिश्रा, असद अहमद, अभिनव रजक, आदित्य कुमार को विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श



चिल्ड्रेन पैराडाइज के चयनित छात्रगण।

मिश्र व संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय के सात बच्चों का विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने बताया कि इसी सत्र में विद्यालय के पांच छात्रों का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं सैनिक स्कूल में भी चयन हुआ था। समारोह में मौजूद चयनित छात्रो के अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के शैक्षिक माहौल एवं प्रबंधतंत्र के कुशल निर्देशन में विद्यालय के छात्र प्रवेश परीक्षाओं में सफल होकर विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। सम्मान समारोह का संचालन उप प्रधानाचार्य भारत भूषण ओझा तथा संयोजन जनक शुक्ला ने किया। इस अवसर पर राकेश कुमार वर्मा व संजीव त्रिपाठी आदि ने अपने विचार देते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर सफलता के आयाम स्थापित कर रहा है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी व मांगें पूरी न होने पर ब्राह्मण समाज ने कचहरी में दिया धरना

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर न्याय की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कचहरी में पट्टी थाना क्षेत्र के सांगा पट्टी निवासी काशी प्रसाद मिश्र की 22 नवंबर को उड़ैयाडीह चैराहे पर हुई निर्मम हत्या में शामिल नामजद दूसरे आरोपी की एक माह बाद भी गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित परिजनों के साथ ब्राह्मण संगठन व समाज के लोगो ने जिला कचहरी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध व्यक्त किया।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में



आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी

ब्राह्मणों के साथ सुनियोजित तरीके से लगातार हत्याएं हो रही हैं न्याय के लिए हमारे समाज को दर दर भटकना पड़ता है हमें संगठित होकर बुलंद आवाज उठाने की आवश्यकता है स्व.काशी प्रसाद के परिजनों के साथ हम सभी खड़े हैं उनकी मांगे पूरी कराने के लिए हम सभी को जो भी कदम उठाना पड़ेगा हम लोग पीछे नही हटेंगे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है लेकिन पट्टी क्षेत्र में अपराधियों में किसी तरह का भय व्याप्त नहीं है। ब्रह्मदेव जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक शिवांग पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज को लोग कमजोर समझने की भूल न करें हमारा समाज हमेशा लोगो को जोड़ने का कार्य करता है लेकिन हमारे समाज के साथ लगातार अन्याय किया जा रहा है।

राष्ट्रीय परशुराम के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी एडवोकेट ने कहा कि घटना के बाद जिला प्रशासन के लोगो ने पीड़ित परिजनों की मांग को पूरा करने के लिए जो आश्वासन दिया था अभी तक उस कर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी एडवोकेट भी ब्राह्मण समाज के साथ धरने में शामिल हुए। धरना प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्राधिकारी सदर एवम जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम ने धरना स्थल पहुंचकर पीड़ित का ज्ञापन लेकर कार्यवाही हेतु उच्च अधिकारियों एवम शासन को प्रेषित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय परशुराम सेना जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय एडवोकेट ने किया।

# अपहृत बेटी की तलाश में भटक रहा पीड़ित परिवार, लापरवाह बनीं है पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनहोनी की आशंका को लेकर चार दिन से अपहृत बेटी की तलाश में पीड़ित परिवार भटक रहा है। मामले को लेकर स्थानीय पुलिस लापरवाह बनी नजर आ रही है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तेईस दिसंबर को सुबह उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री सांगीपुर स्थित एक महाविद्यालय में बीए की परीक्षा देने गयी थी। इसके बाद वह घर नही लौटी। पीड़ित परिवार को खोजबीन के दौरान आरोपी अमन अंसारी पुत्र कोलई अंसारी उर्फ फिरोज द्वारा किशोरी का अपहरण किये जाने की बात सामने आयी। मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसे आशंका है कि उसकी अपहृत पुत्री के साथ किसी प्रकार की अनहोनी हो सकती है। पीड़ित आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर अफसरों से गुहार लगा रहा है। लेकिन मामले में पुलिस की लापरवाही बनी नजर आ रही है। इधर घटना से लेकर गांव के लोगों में भी आरोपी व उसके परिवार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि मुकदमा दर्ज है। अपहृत किशोरी की बरामदगी के साथ आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## मारपीट की घटना में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थानान्तर्गत बाजार निवासी राजकुमारी सरोज पत्नी स्व. द्वारिका सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की सुबह करीब सात बजे वह अपनी बेटी राधा के साथ घरेलू कार्य कर रही थी। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के पवन सरोज व उनका पुत्र अक्षय, सचिन तथा धीरज, श्रवण कुमार तथा रोशन सरोज निवासी घोरहा नसीराबाद रायबरेली वहां पहुंचे और लाठी डण्डे से उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपीगण सामानों में तोड़फोड़ करते चले गये। मामले में जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अमर जनता की ओम संस्कृति राज्य विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अमर जनता इन्टर कॉलेज, पूरे वैष्णव, कटरा गुलाब सिंह की छात्रा ओम संस्कृति श्रीवास्तव ने वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के क्रियाकारी माडल के साथ प्रतिभाग किया।

मंगलवार को राजकीय इंटर कालेज प्रयागराज में आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के चारों जनपदों से 15-15 प्रतिभागी अपने मॉडल के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए। प्रतापगढ़ के 15 प्रतिभागियों में अमर जनता इंटर कालेज कटरा



राज्य विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित ओम संस्कृति।

गुलाब सिंह की कक्षा 9 की छात्रा ओम संस्कृति श्रीवास्तव का मॉडल पांचवें स्थान पर रहा तथा राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए चयनित किया गया. ओम संस्कृति श्रीवास्तव को मेडल प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और दो हजार रूपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। छात्रा की इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह,प्रबंधक भैरव प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय, शिशिर कुमार श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बधाई दिया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दिया।

# भयंकर कोहरे के कारण रोडवेज बस व प्राइवेट बस की टक्कर में 12 यात्री घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज प्रातःकाल दस बजे तक पूरा जनपद कोहरे की चपेट में था जिसके कारण भुपियामऊ में पूर्वान्ह लगभग 8.45 बजे प्रयागराज जा रही एक रोडवेज बस और पेट्रोल पम्प से पेट्रोल भराकर निकली एक प्राइवेट बस में जोरदार टक्कर हो गई जिससे रोडवेज बस में बैठे एक दर्जन यात्री घायल हो गये, जिन्हें मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया।

इनमें कुछ को हल्की चोटें थी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। आठ रोडवेज यात्री मेडिकल कालेज के अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज किया जा रहा है। बता दें कि प्रातःकाल साढे. आठ बजे रोडवेज बस स्टेशन प्रतापगढ़ से प्रयागराज जाने के लिये यात्रियों को भरकर एक रोडवेज बस निकली। जैसे ही यह भुपियामऊ पहुंची, वैसे ही इसकी प्राइवेट बस से टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जिससे जाम लग गया। भुपियामऊ पुलिस चैकी की पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों को अस्पताल भेजवाया तथा दोनों रोडवेज बसों को हटवाकर राजमार्ग खुलवाया। लोगों का कहना है कि भयंकर कोहरे के कारण आज यह दुर्घटना घटी है।

### वाहन के आपस में टकराने से दो घायल

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र में सुबह कोहरा छाया हुआ था। सुबह करीब नौ बजे कोहरे के कारण 15 मीटर दूर भी दिखाई नहीं दे रहा था। इसी दौरान गोलू बस सेवा सवारियां लेकर प्रयागराज जा रही थी बस अन्नावा, बिहार के पास कोहरे के कारण बस और कार में टक्कर हो गई। हादसे से चीख पुकार मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा का हुआ गृह सम्पर्क अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह आमंत्रण पत्र को पूज्य संत मनोज ब्रह्मचारी सच्चा आश्रम चिलबिला व पूज्य संत महाकाल बाबा संकट मोचन धाम खरवई को विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा दिया गया, जिसमें रजनीश तिवारी विभाग मंत्री, राजन जिलामंत्री/जिलासंयोजक श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह सम्पर्क अभियान, विजय सिंह बजरंगी नगर संयोग, रामउजागिर नगर मंदिर प्रमुख, आलोक आजाद मौजूद रहे। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह सम्पर्क अभियान के निमित्त एक जनवरी से 15 जनवरी तक विश्व हिन्दू परिषद व विचार परिवार के



प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण बांटते लोग।

लोग घर घर अक्षत लेकर जायेगें और 22 जनवरी को अपने निकटतम मंदिर में पूजन अर्चन वन्दन एवं अपने घर पर दीपोत्सव करने का अक्षत पत्रक व श्रीराम जन्मभूमि प्रतीक चित्र के माध्यम से आमंत्रित करेंगे। 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रभात फेरियों के माध्यम से हिन्दू जनमानस में कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया जाएगा। 22 जनवरी को प्रतापगढ़ के सभी मंदिरों पर पूजन अर्चन वन्दन एवं प्रत्येक हिन्दू घरों पर दीपोत्सव का उत्सव मनाया जाएगा।

# महेश्वरी प्रसाद इण्टर कॉलेज के संस्थापक प्रबन्धक स्व. देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव के स्मृति दिवस पर सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने जनपद कौशाम्बी में नया महाविद्यालय खोलें जाने के लिए जिलाधिकारी को प्रस्ताव उपलब्ध कराने के दियें निर्देश, सरकार पूरी तरह से शिक्षा के प्रति सम्वेदनशील होकर कार्य कर रहीं हैं-हम सबका मानना है कि एक सशक्त समाज और समर्थ्य राष्ट्र की आधारशिला शिक्षा ही दें सकतीं है- मुख्यमंत्री**







**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महेश्वरी प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज आलमचंद्र के संस्थापक प्रबन्धक स्व0 देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव के स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय संगीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को प्रशस्ति-पत्र भेंट किया तथा न्यायमूर्ति सर्वोच्च न्यायालय विक्रमनाथ श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज उन्हें आप सब के बीच में आ कर-के अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रहीं है, कौशाम्बी जनपद के इस आलमचन्द्र में आज से 06 दशक पूर्व जब अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित करने और उस परम्परा को यहॉ की स्मृतियों में बनायें रहने के लिए, जब उस समय के प्रख्यात अधिवक्ता देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव ने इस विद्यालय की शुरूआत की होगी, उस समय यह क्षेत्र कितना पिछड़ा रहा होगा, लेकिन मन में एक भाव था परोपकार का, जनसेवा का, पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता भाव व्यक्त करते हुए उनके नाम को बनाये रखने का और आज उनका यह सपना यहॉ पर महेश्वरी प्रसाद इण्टरमीडिएट कॉलेज के रूप में साकार होकर हम सब के सामनें मूर्त रूप में हैं। उन्होंने विद्यालय के संस्थापक स्व0 देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव जिन्होंने अपने पूर्वजों के प्रति पितृ परम्परा के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता का भाव रखते हुए संस्था की स्थापना की उनके एवं बाबू महेश्वरी प्रसाद की स्मृतियों को नमन करते हुए श्रद्धान्जलि अर्पित किया।

उन्होंने कहा कि आप जितने भी धार्मिक ग्रन्थ पढ़ते होंगे, चाहे श्रीमद्भागवत गीता हो या रामचरितमानस हो या पौराणाणिक परम्परा से जुड़ा हुआ कोई भी ग्रन्थ हो, वे एक बात की प्रेरणा देते हैं कि बिना श्रद्धा के ज्ञान नहीं प्राप्त हों सकता। श्रद्धा के लिए हमारे मन में कृतज्ञता का भाव होना चाहिए, कि किसी महापुरूष ने अपने पूर्वजों की स्मृतियों को बनाये रखने के लिए, इस विद्यालय की स्थापना की। आज के भागम-भाग के समय में जब लोग स्वयं की व्यवस्था के लिए दर-दर भाग रहें है, तब आज से 60 वर्ष पहले इस विद्यालय की स्थापना होती है। उन्होंने कहा कि मुझे वर्तमान में इस बात की प्रसन्नता हो रहीं हैं कि इस विद्यालय में 2526 छात्र इस विद्यालय में अध्ययन कर रहें है, जिसमें 1353 बालिकायें पढ़ रहीं है, यह बहुत शुभ संकेत है कि बालिकायें स्कूल आ रहीं है एवं बालकों की संख्या मात्र 1173 है, यानि बेटियॉ एक बार फिर से अव्वल स्थान प्राप्त कर ली हैं। 2500 से अधिक बच्चो को उन्हीं के जनपद में, उन्हीं के गॉव के इर्द-गिर्द शिक्षा का एक उत्तम क्रेन्द्र मिला है, विद्यालय के संस्थापकों के प्रति तथा जिस महापुरूष के नाम पर विद्यालय है, उनके प्रति हमारे मन में एक कृतज्ञता का भाव होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब जानतें है कि प्राचीन गुरूकुल परम्परा में भी दीक्षान्त समारोह होता था, उसमें एक आचार्य अपने शिष्य के प्रति यहीं बात करता था, यहीं भाव व्यक्त करता था तथा उपदेश का सार, जो तैतरीय उपनिषद् में देखने को मिलता हैं कि सत्यम् वद, धर्मं चरः यहॉ से शुरू होकर मातृदेवोभवः, पितृ देवोभवः, आचार्य देवोभवः, अतिथि देवोभवः इन सभी का पालन करते हुए, देवोभवः का मतलब किसी ने कुछ अच्छा किया हुआ है, तो उसके द्वारा किये गये योगदान के प्रति कृतज्ञता व श्रद्धा का भाव प्रकट करना। विगत 59 वर्षों में हजारों बच्चों ने यहॉ से शिक्षा ग्रहण की होगी, वे ज्ञानवान बनकर समाज में अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी सेवायें दे रहें होंगे, कोई समाज सेवा के क्षेत्र में, कोई शिक्षा के क्षेत्र में, कोई चिकित्सा के क्षेत्र में तो कोई व्यापार के क्षेत्र में होगा, जीवन के अलग-अलग क्षेत्र में रहकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें रहें होंगे, वे आज अगर कुछ कर पा रहें है, तो उसके पीछे माता-पिता के संस्कार एवं योगदान के साथ ही साथ इस विद्यालय का भी योगदान हैं, जिसने उन्हीं के घर के पास शिक्षा का एक उत्तम केन्द्र बनावाने की प्रेरणा दी और आज बाबू महेश्वरी प्रसाद की स्मृति को ताजा रखते हुए यह इण्टर कॉलेज अपने भव्य इमारत के साथ 2500 से भी अधिक बच्चों को शिक्षा अर्जित करने के साथ-साथ उनके ज्ञानार्जन का भी एक महत्वपूर्ण केन्द्र बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए वर्तमान प्रबन्धक, जो देश की जानी-मानी हस्ती हैं, उनका हृदय से अभिनन्दन किया कि वे इस विद्यालय को आगें लें जाने में इतना रूचि ले रहें है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ दिल्ली से इस कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए आयें हैं तथा कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय संगीता श्रीवास्तव भी अपना समय निकालकर इस कार्यक्रम में आयीं हैं, ये विभूतियॉ एक प्रेरणा हैं, लोगों के लिए तथा इनसे हजारों, लाखों युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होती है, आप भाग्यशाली हैं, कि वे आपके बीच में अभिभावक के रूप में/सामान्य नागरिक के रूप में बैठकर आपसे बात-चीत कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अचानक बड़ा नहीं होता, व्यक्ति परिश्रम करके पूरी लगन व निष्ठा से कार्य करता हैं, तो वह बड़ी से बड़ी मंजिल प्राप्त कर सकता हैं, इस विद्यालय का प्रबन्धन आप सब के सामने इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य कर रहीं हैं। हम सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता हैं। निजी क्षेत्र का भी बहुत बड़ा योगदान हैं, अगर स्व0 देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव जैसी विभूतियों ने उस कालखण्ड में शिक्षण केन्द्रों की स्थापना न की होती, तो क्या होता। जगह-जगह जो विद्यालय बने हुए हैं, शिक्षा के केन्द्र बनें हुए हैं, यह सब समाज के योगदान से सम्भव हुए, लोगों ने अपनी सम्पत्ति लगाकर के, अपने पूर्वजों की कीर्ति को बनाये रखने के लिए, समाज को मार्गदर्शन देने के लिए, हमारी आने वाली पीढ़ी समाज व राष्ट्र के लिए कुछ योगदान दें पायेंगी, इसके लिए उनके द्वारा एक प्रयास प्रारम्भ किया गया। निजी क्षेत्र के योगदान के कारण ही आज हम सब शिक्षा की व्यवस्था को देखतें हैं। उन्होंने कहा कि जब भी समाज आगे होता हैं और सरकार पीछे होती हैं, तो समाज प्रगति की नित नये कीर्तिमान स्थापित करता है, जब सरकार आगे होती है। आज एक शुभ लक्षण दिखाई देता है कि समाज जागरूक हो गया है, समाज आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो गया है, इसके परिणाम हमें आगे देखने को मिलेंगे, उसी भाव के साथ सरकार कार्य कर रहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रोजेक्ट अलंकार के तहत सरकार से वित्तपोषित एवं सरकारी विद्यालयों में भवन निर्माण के लिए सरकार पैसा दे रहीं है, जिसमें सरकार 75 से 90 प्रतिशत पैसा सरकार दे रहीं है और 10 से 25 फीसदी पैसा प्रबन्धन को जनसहयोग से लेकर के करना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सामान्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ लाईब्रेरी भी जायें, अखबारों को जरूर पढ़े, पुस्तकालयों में नई-नई पुस्तकों को अवश्य पढ़ें, जिससे आपका ज्ञान अर्जन होगा, आपको आगे बढ़ने के लिए एक नई प्रेरणा प्राप्त होगी, सफलतम कहॉनियों को देखने-सुनने का एक अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे करके लाइब्रेरी को डिजिटल लाईब्रेरी के रूप में विकसित करना होगा, सरकार इसमें सहयोग कर रहीं है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत महेश्वरी प्रसाद इंण्टर कॉलेज का भी चयन हुआ है, सरकार इसके लिए धन उपलब्ध करा रहीं है, जिससे इस भवन को और अच्छा बनाया जा सकें, नये क्लॉसरूम एवं लाइब्रेरी बनाने तथा सुविधाओं को विकसित करने में धनराशि का उपयोग हो पायेंगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि यहॉ पर नया महाविद्यालय खोलें जाने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध करायें, जिससे यहॉ के बच्चों को शिक्षा की उत्तम व्यवस्था मिल सकें। कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय संगीता श्रीवास्तव का महाविद्यालय के निर्माण में मार्गदर्शन मिलेंगा, यह महाविद्यालय, यहॉ पर उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हम लोगों को एक अवसर दिया है, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए। हमें बच्चों को शिक्षा के पाठ्यक्रम से अवगत कराने के साथ ही अभी से उसे कुछ नये कार्यक्रमों के साथ भी जोड़ना पड़ेंगा। कौशल विकास के ऐसे कौन से कार्यक्रम हो सकतें है, जिसमें बच्चे पारंगत हों और पारंगत होकर आगे बढ़ने के लिए उन्हें एक मंच मिल सकें, अभी से कार्य करना होगा। एक जनपद-एक उत्पाद के तहत जनपद में ऐसी कौन सी विशिष्ट उत्पाद है, जिसमें रोजगार की अनन्त सम्भावनायें हैं, उसमें हम नयापन क्या दें सकतें है, इस सम्बन्ध में इन्नोवेशन/शोध का केन्द्र हमारे विद्यालयों को बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले 09 वर्षों में खेल के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कियें हैं। आज हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक एवं एशियन गेम्स में अच्छा प्रदर्शन कर रहें है, अब तक के ओलम्पिक में भारतीयों का सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। एशियन गेम्स में भी भारत के खिलाड़ियों को पहली बार 100 से ज्यादा पदक प्राप्त हुए है, यह हमारे नये सामर्थ्य को व्यक्त करता है। हमें पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ स्पोटर्स की गतिविधियो को भी आगे बढ़ाना होगा। सरकार हर जनपद में एक स्टेडियम, हर विकास खण्ड में एक मिनी स्टेडियम एवं हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान व ओपेन जिम का निर्माण करने का कार्य कर रहीं है। पुरूष मंगल दल एवं महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराया जा रहा है, इन सभी गतिविधियां के साथ स्कूल कॉलेजों को भी जोड़ना पड़ेंगा, सांस्कृतिक गतिविधियों को भी मंच देना पडेंगा। यहॉ पर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम-स्वागत गीत, कौशाम्बी की परम्परा से सम्बन्धित गीत एवं राष्ट्रगीत बहुत ही अच्छे भाव के साथ गाया गया, और कितनी अच्छी उनकी ट्रेनिंग थी, इससे यही निकलता हैं कि प्रतिभा को मंच चाहिए।न्यायमूर्ति सर्वोच्च न्यायालय विक्रमनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि यह विद्यालय जो आप देख रहें है, यह विगत 60 वर्ष की मेहनत का परिणाम है। 1964 में इस विद्यालय की स्थापना की गई थी, उस समय यहॉ पर कोई भी विद्यालय नहीं थां। प्राथमिक विद्यालय के रूप में इस विद्यालय की स्थापना हुई। धीरे-धीरे आज यह इण्टर कॉलेज तक पहुॅचा है। इस विद्यालय में वर्तमान में 2526 बच्चें पढ़ रहें है। प्रत्येक वर्ष स्व0 देवेन्द्रनाथ श्रीवास्तव की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस विद्यालय में पढ़े हुए बहुत से बच्चें विभिन्न पदों पर सेवायें दें रहें हैं इस अवसर पर मंत्री जलशक्ति स्वतन्त्रदेव सिंह प्रमुख सचिव गृह व सूचना संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर, पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### करारी में धूमधाम से मनाया गया जयंत सिंह का जन्मदिन



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय लोकदल के पार्टी कार्यालय करारी कस्बे में प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत सिंह का 45 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया है इस मौके पर उन्होंने जयंत सिंह के स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की है और मिठाइयों का वितरण किया है जयंत सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर पार्टी की नीतियों को बताते हुए उन्होंने पार्टी से जुड़ने की लोगों को अपील की है। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जयंत सिंह के 45 वे जन्मदिन पर करारी स्थिति राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय में पार्टी के तमाम लोग एकत्रित हुए और बड़े धूमधाम से उनका जन्मदिन मनाया तथा पार्टी कार्यकताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया इस मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव इमरान हैदर रिजवी तथा जिला अध्यक्ष नजमुल हसन सहित तमाम लोग मौजूद रहे, तथा और तमाम पार्टी कार्यकर्ताओ ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी उक्त जानकारी इमरान हैदर रिजवी प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल, कौशांबी ने दी है।

### बैरमपुर चौकी इंचार्ज ने वाहनो को किया चेक



**बैरमपुर कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के बैरमपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जनार्दन सिंह ने बुधवार को कोरीपुर के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया इस दौरान चौकी इंचार्ज ने दो पहिया चार पहिया वाहनों के अभिलेखों की सघन चेकिंग की जिसमें 6 गाड़ियों का चालान पुलिस द्वारा किया गया और जिनके पास हेलमेट नहीं था उनको हिदायत देकर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया चेकिंग के दौरान चौकी इंचार्ज जनार्दन सिंह के साथ कांस्टेबल बलिराम कांस्टेबल मोहित कुमार कांस्टेबल रूपेश कुमार मौजूद रहे।

### पिपरहाई गांव में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**नेवादा कौशाम्बी।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम बुधवार को नेवादा ब्लाक के ग्राम सभा रसूलपुर ब्यूर के मजरा पिपरहाई गांव में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयसिंह पटेल गुरु जी एवं मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला के अध्यक्षता मे किया गया स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, आगनवाड़ी, पीएम किसान सम्मान,पूर्ति विभाग, श्रम विभाग उज्वला विभाग, व अन्य भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों के संबंध में बताया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। इस सरकार में हर धर्म और समुदाय के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिन पात्र लोगों को अभी तक सरकार के माध्यम से चलाई जा रही किसी योजना का लाभ नही मिला हो तो वह अपना आवेदन दें जिससे आगे की प्रक्रिया हो सके। इसके साथ ही कार्यक्रम मे उप सम्भागीय कृषि अधिकारी अभयराज सिंह ए.डी.ओ.समाज कल्याण गजराज सिंह उज्ज्वला विभाग से शिवमोहन सिंह मंडल अध्यक्ष विवेक शुक्ला मंडल उपाध्यक्ष त्रिसूल नाथ द्विवेदी मंडल महामंत्री शान्ति भूषण सिंह मंडल मंत्री सुनील सिंह गब्बर भाई शक्ति केन्द्र संयोजक नारायण दास द्विवेदी राजा भाई समाज सेवी अनिल शुक्ला व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे अतिथियों ने जाकर वहां उपस्थित सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी से अवगत कराते हुए समस्याओं को सुना।

# 22 महीने से पुलिस से न्याय मांग रही विवाहिता !

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय फिर पहुंची पति की प्रताड़ना से पीड़ित विवाहिता



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव में अनिल केसरवानी पुत्र पुरुषोत्तम दास केसरवानी महावा वाले निवासी नवोदय स्कूल के सामने टेवा कोतवाली मंझनपुर के साथ प्रयागराज जनपद के घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा निवासी यशी उर्फ खुशी केशरवानी की शादी 9 फरवरी 2020 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी शादी और सगाई में 8 लाख रुपए से अधिक की रकम खर्च कर पिता ने वर पक्ष का स्वागत सत्कार किया और वर पक्ष के परिवार की जरूरत के संपूर्ण समान शादी में खुशी को दिया लेकिन यशी उर्फ खुशी के ससुराल पहुंचते ही सारे समान को लेने के बाद दहेजलोभियों उसकी सास उसके पति उसके देवर और पति के मौसी की बेटी मंजू केशरवानी ने यशी उर्फ खुशी केशरवानी के साथ मारपीट गाली गलौच शुरू कर दिया शराब पीकर प्रतिदिन विवाहिता के साथ गाली गलौच मार पीट किया जाने लगा बात बात पर ताने दिए जाने लगे आए दिन जान से मार कर फेंक देने की धमकी दी जाने लगी कई बार बिरादरी और समाज के लोगो ने अनिल केसरवानी और उसके परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नही है बल्कि फोन पर तरह-तरह की बहाने बाजी करता है मुलाकात का प्रयास नहीं करता और गाली गलौज जान से मारने की लगातार धमकी दे रहा है। गौरतलब है कि 09 फरवरी 2022 को अनिल केशरवानी उसका भाई बिकास केशरवानी तथा उसकी माँ नरेश देवी ने यशी उर्फ खुशी केशरवानी को गाली गलौच मारपीट कर सोने चांदी के जेवर समेत सम्पूर्ण सामान छीन कर यशी उर्फ खुशी को घर से भगा दिया खुशी अपने पिता के घर जसरा पहुँची और ससुराल के अत्याचार को रो रो कर बताया फिर रिश्तेदारों के जरिये समझाने का प्रयास किया अनिल केसरवानी के मौसेरी बहन मंजू केशरवानी को भी समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह कोई बात मानने को तैयार नही हुए बल्कि धमकियां देने लगे लड़ाई झगड़ा पर आमदा हो गए इसी बीच दूसरी लड़की से अनिल केशरवानी ने अवैध शादी कर ली और उसे घर ले आया जब कि यशी उर्फ खुशी का सम्बंध विच्छेद नही हुआ है शादी सगाई का ड्रामा कर बदनीयती धोखाधड़ी से आठ लाख की संपत्ति हड़पने की साजिश अनिल केशरवानी उसके भाई बिकास केशरवानी वा उसकी माँ नरेश देवी और मौसेरी बहन मंजू केशरवानी ने जानबूझ कर योजना बध्य तरीके से रची है इसके पहले भी कई बार स्थानीय पुलिस चौकी टेवा में खुशी के पिता ने शिकायती पत्र दिया लेकिन किसी प्रकार की पुलिस ने कार्यवाही नहीं की 16 सितम्बर 2023 को तहसील समाधान दिवस मंझनपुर में शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है जिस पर बुधवार को फिर विवाहिता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कौशांबी जिले में किसी भी चौराहे पर अलाव की व्यवस्था नहीं

**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** पिछले कई दिनों हवा चलने और कोहरे के कारण क्षेत्र के लोग ठंड से कांप रहे हैं।कपकपी की स्थिति ऐसी है कि बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। मानो आसमान से बर्फ गिर रही हो। मौसम लोगों के लिए जी का जंजाल बन कर रह गया है। सुबह और शाम में स्थिति और भी दयनीय हो रही है। लोग अब अलाव की मांग करने लगे है जिससे आम जनमानस को ठंड से राहत मिल सके लेकिन अभी तक नगर प्रशासन कोई सुध नहीं ले रहा है नगर पंचायत चायल के बगल में ही तहसील है जहा लगभग डेली हजारों की संख्या में लोग आते है और बढ़ती गलन में जुकड़े जुकडे अपने मुकदमा संबंधित कार्य कर चले जाते है हालाकि लोग में अलाव न जलने से आक्रोश भी है इसके बावजूद तहसील और नगर पंचायत चायल प्रशासन सिर्फ कागजों पर अलाव जला रहा है।चायल तहसील प्रशासन का क्षेत्र में अलाव जलाने का दावा हवा-हवाई साबित हो रहा है। इस हाड़ कंपने वाली ठंड में प्रमुख चैराहों पर राहगीर कपकपाते नजर आ रहे हैं। एक सप्ताह से ठंड की सिहरन शरीर को चीर रहा है।

# रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थाओं के शिक्षकों का बोर्ड के विद्यार्थियों के घर शैक्षिक भ्रमण

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित मां गायत्री मेमोरियल कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज एनडी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज एवं कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज भीटी के शिक्षकों का बोर्ड के विद्यार्थियों के घर में शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम आज दिनांक 27 .12. 2023 से प्रारंभ हुआ जिसमें घर-घर जाकर के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के पठन-पाठन, अभिभावकों से वार्ता एवं उनके सिलेबस की तैयारी के बारे में जाना रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी शिक्षण संस्थाओं ने इस प्रकार की पहल करके एक सार्थक कदम उठाया है, ताकि उनके अभिभावकों से सीधे मिलकर उनकी प्रगति और शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके।इस नए पहलू का मुख्य उद्देश्य है शिक्षा प्रक्रिया को और उच्चतर बनाना, जिससे शिक्षा से जुड़े सभी प्रमुख सुझावों और समस्याओं का सीधा समाधान हो सके। स्कूल के प्रतिष्ठानुसार, यह नया अभियान



विद्यार्थियों को समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान करने का एक सुशिक्षित और सहयोगी तरीका है।इस सांविदानिक कदम से स्थानीय समुदाय को भी एक नया दृष्टिकोण मिलेगा, जिससे उन्हें शिक्षा प्रक्रिया में सकारात्मक रूप से योजना बनाने और उसमें भाग लेने का मौका मिलेगा।यह पहल बच्चों के प्रशिक्षण में स्वरूपान्तरितता और सहयोग की नई दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी शिक्षा में भ्रांति को निवारित किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधक पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने इस संरचना को ₹शिक्षा का सांविदानिक सामर्थ्य₹ कहकर चिह्नित किया है और यह आशा करते हैं कि यह उच्चतम शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत करेगा संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि इस पहल के सफलता के बाद अन्य स्कूलों को भी इस तरह के सांविदानिक निरीक्षण का मॉडल अपनाने का विचार करना उचित हो सकता है, ताकि हर बच्चे को उच्चतम शिक्षा की सुविधा मिल सके। संस्थान के डिप्टी

**डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने कहा कि इस पहल के सफलता के बाद अन्य स्कूलों को भी इस तरह के सांविदानिक निरीक्षण का मॉडल अपनाने का विचार करना उचित हो सकता है**

डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ने कहा कि इस नए पहलू के साथ, शिक्षा में सामरिक संबंधों को मजबूती से बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हर बच्चा अपनी संभावनाओं को पूरी तरह से समझ सके और सफलता की ओर बढ़ सके।इस अभियान में मुख्य रूप से केपीएस वाइस प्रिंसिपल प्रखर कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह, नारायण तिवारी, शिक्षक डॉ सचिन त्रिपाठी, रणजीत सिंह मधुबन पटेल, मनोज गुप्ता, शशांक श्रीवास्तव विकास मणि विकास पांडे नीलम खरवार आदि रहे।

# विकसित भारत का संकल्प मोदी जी की गारंटी : अनिता त्रिपाठी

### सिराथू विकासखंड के द्वारा जुवरा में आयोजित हुआ भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**कौशाम्बी।** विकसित भारत का संकल्प लेकर भारतीय जनता पार्टी की अगवाई में देश के प्रधान मंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी ने काम किया है। 9 सालों की यह यात्रा विकसित भारत की ओर बढ़ते भारत के मजबूत और सभी कदमों का नतीजा है। आज भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा आर्थिक देश बनकर उभरा है की आने वाले 5 सालों में भारत इन कदमों को और आगे बढ़ाएगा। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने जुवरा में आयोजित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर उन्होंने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, व गरीब महिलाओं के लिए उज्जवला गैस कनेक्शन जैसे जनहित कारी योजनाओं के विषय में बोलते हुए कहा कि इस तरह से गांव में बैठे आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम देश के प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नजरिया का नतीजा है। इस मौके पर जोर देकर बोलते हो उन्होंने कहा कि देश के आखिरी व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के साथ प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी ने पूरे विश्व में भारत के कब को बढ़ाने का काम किया है। यही नहीं देश की सेवा रक्षा को मजबूत किया साथ ही देश में कंपनियों की स्थापना कराई जिस देश के युवकों को रोजगार मिल सके और भारत का निर्यात भी बड़े इससे भारत विकसित राष्ट्र में शामिल हो। इस मौके पर प्रमुख रूप से एडीओ पंचायत विश्व बंधु, ग्राम विकास अधिकारी राहुल सिंह, लेखपाल कंचन लता सिंह, ग्रामीण बैंक विवेक सिंह, श्याम बाबू, मुन्ना पटेल,अरविंद मौर्य,बृजेश केसरवानी, विमल केसरवानी,बबलू श्रीवास्तव, गया प्रसाद सिंह,रिंकू सिंह,रामबाबू केसरवानी, फूलसिंह, यस कुमार सिंह, शुभम सिंह, मनोज सिंह, शिव सिंह,राजेंद्र सोनकर, नरेश पासी, सन्ता भैया लाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# जमीन में टिका पेड़ से बंधा हुआ मिला अधेड़ का शव



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कसेंदा में ससुर खदेरी नदी के पास पेड़ से बंधा हुआ एक व्यक्ति का शव का मिला है शव मिलने की जानकारी पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए मृतक के दोनों पैर जमीन पर रखे हुए हैं जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम हेतु पुलिस ने भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक राजू उम्र 40 वर्ष पुत्र मुन्नीलाल निवासी शेखपुर इब्राहिम पुर बम्हरौली थाना पूरामुफ्ती का शव पिपरी थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कसेंदा में ससुर खदेरी नदी के पास पेड़ से बंधा हुआ बुधवार को मिला है मृतक एक पैर में चप्पल पहने हुए हैं मृतक के गले में फंदा नहीं पड़ा है गांठ के निशान लगे हुए हैं पेड़ से शव बंधा होने की जानकारी पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है और लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा होने लगी हैं सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है मौके की परिस्थितियों हत्या कर शव पेड़ बांधे जाने की कहानी बयां कर रहे हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक मृतक के मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# जाम के झाम में जूझता कस्बा भरवारी



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी के रेलवे क्रासिंग घंटो बन्द होने से आवागमन बाधित होता है वही पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है ऐसे में ब्यापारियो के सामने सबसे बडी समस्या दुकानदारी को लेकर उत्पन्न होती है। यहां यह बताना अति आवश्यक है कि जनपद कौशांबी का प्रमुख बाजार भरवारी कस्बा है ’। जहा पर सरकारी अर्ध सरकारी निजी स्कूलों की संख्या जोड़ी जाय तो लगभग पचासों की संख्या में है बताना यह है कि जनपद को जाने वाली मुख्य सड़क भरवारी होकर गुजरती है जिसमे रेलवे क्रासिंग पड़ जाने की वजह से घंटो गेट बंद हो जाता है जिसके चलते आए दिन घंटो जाम में लोग फसे रहते है ’। ऐसे में स्कूल टाइम में दर्जनों स्कूलों की बस में सवार मासूम बच्चे रोते है इतना ही नहीं गेट पर जाम लगने से कस्बा का व्यापार शून्य होता जा रहा है जिसकी ओर यहां के न तो किसी जन प्रति निधि का ध्यान जाता है और न ही स्थानीय सफेद कलफ दार कुर्ता पायजामा पहने नेता लोगों का ध्यान नहीं जाता है। नेता नगरी के चक्कर में कस्बा भरवारी के ब्यापारी पिस रहे है उनका व्यापार शून्य होता जा रहा हैं ’इसके बाबजूद जाम होने की प्रमुख वजह ट्रैफिक पुलिस की मेहरबानी देखी जा सकती हैं ट्रैफिक पुलिस चाय की चुस्कियों में मस्त रहती हैं वही जाम में फसे लोग बेहाल होते दिखते है इस से बेहतर होता की ओवर ब्रिज बन जाता कम से कम लोगो का व्यापार तो चलता रहता और लोगो को जाम से निजात मिल जाता।

संपादकीय

## संसद के सवाल और विपक्ष का दायित्व

एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम शीतकालीन सत्र कई सुलगते सवालों को छोड़ गया है। इन सवालों के जवाब अभी गंभीरता से नहीं तलाशे गए, तो फिर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को उखड़ने से रोक पाना कठिन हो जाएगा। संसद पर हमला, 146 सांसदों के निलंबन के बाद अब ये तथ्य भी सामने आया है कि संसद में दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए 264 सवालों को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया है। ये तमाम बातें भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ही हो रही हैं। 76 साल की आजादी और लोकतंत्र के दीर्घ अनुभव के बाद संसदीय कामकाज में परिपक्वता, धैर्य और संयम दिखाई देने चाहिए थे, लेकिन फिलहाल लग रहा है कि हमें संसदीय तकाजे का ककहरा फिर से सीखना पड़ेगा।

गौरतलब है कि इस शीतकालीन सत्र में संसद पर एक और हमले की कोशिश की गई थी। एकबारगी यह हमला मौजूदा सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ दिखाई देता है। लेकिन अगर देश के एक तबके में भाजपा के शासन को लेकर इतनी अधिक नाराजगी व्याप्त है कि उसके लिए संसद पर हमले का दुस्साहस किया जाए, तो फिर यह नाराजगी चुनावी नतीजों में क्यों नहीं दिखाई देती। क्या संसद पर हमला करने वाले जानते नहीं थे कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। क्या कानून की कड़ाई का अंदाज होने के बावजूद उन्होंने इस जोखिम को उठाया और अपना भविष्य, जीवन सब कुछ खतरे में डाला। कुछ लोगों का पूरे योजनाबद्ध तरीके से संसद के बाहर और भीतर आकर विरोध दिखाना किसी नजरिए से मामूली घटना नहीं है, लेकिन इस पर सरकार का रवैया देखकर यह लग ही नहीं रहा कि उसे किसी बात की चिंता हुई हो। क्या भाजपा अपने बहुमत को कवच इस कदर अभेद्य मानने लगी है कि उसे इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि दो लोग संसद के भीतर आकर धुआं छोड़ गए।

संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। लगभग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफ विचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है।

ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था। लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे। जैसे राजद सांसद मनोज झा ने शिक्षा मंत्रालय से दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के 'बड़े पैमाने पर हटानेज संबंधी सवाल किए थे। माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास ने समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कानून मंत्रालय से जानकारी मांगी थी। मगर अब इनका जवाब देने से मौजूदा सरकार बच गई है। सांसदों के निलंबन की कार्रवाई तो बाद में हुई, लेकिन संसद के नियमानुसार ये सवाल लगभग दो सप्ताह पहले ही लिखित में दिए जा चुके थे। फिर इन्हें सूची से हटाना क्या न्यायोचित कहा जा सकता है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर किए गए प्रदर्शन के दौरान कहा था कि 146 सांसदों को निलंबित करके लगभग 60 प्रतिशत जनता की आवाज को खामोश कर दिया गया है। संसद की सूची से सवालों को हटाना इस आरोप की ही पुष्टि करता है। शीतकालीन सत्र में उठे इन सुलगते सवालों के जवाब तलाशना इसलिए जरूरी है क्योंकि दांव पर जनता और देश का हित जुड़ा है। अब प्रश्न ये है कि अगर कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका और इनका संगी बन चुका मीडिया भी अगर इन सवालों से मुंह मोड़ ले तो फिर विपक्ष को क्या करना चाहिए।

क्या विपक्ष लोकतंत्र बचाने के लिए केवल जुबानी जमा-खर्च करता रहेगा या राहुल गांधी जैसे दो-चार लोगों पर सड़कों पर उतरने का जिम्मा छोड़ देगा। अगर विपक्ष सड़क पर आता भी है तो क्या वह जनता तक अपनी बात पहुंचाने की तैयारी कर चुका है, या अब भी वो इंतजार में बैठा है कि कोई और आकर उसके हिस्से के काम करेगा। कायदे से अब विपक्षी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्र जाकर जनता से जुड़ने का काम शुरू कर देना चाहिए। संसद के पटल से जिन सवालों को हटा दिया गया है, उन्हें जनता के बीच जाकर उठाना चाहिए, वहां तो निलंबन की कार्रवाई का कोई परिपत्र असरकारी नहीं रहेगा। विपक्षी नेताओं को भाजपा के सांसदों और मंत्रियों के क्षेत्रों में जाकर उन सवालों को उठाना चाहिए, जिनके जवाब संसद में दिए जाने चाहिए थे, मगर नहीं दिए गए। विपक्ष जब तक अपने अस्तित्व का अहसास जनता को नहीं कराएगा, तब तक सारे विरोध-प्रदर्शन और सवाल बेकार रहेंगे।

# घाटी में सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता

**-: ललित गर्ग:-**

पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है, यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। यह हमला जहां आतंकियों की हताशा को दर्शा रहा, वही ऐसी संभावनाएं भी पुरजोर उजागर कर रहा है आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करेंगे। घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा। विशेषतः सुरक्षाकर्मियों को मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ घाटी के लोगों के लिये संवेदनशील होना होगा ताकि घाटी में आतंक एवं अशांति फैलाने के मनसूबे सफल न हो सके। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। अब कश्मीर भारत की इज्जत एवं प्रतिष्ठा का प्रश्न है, नाक है।



पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके आतंकी गढ़ बने हुए हैं, इन क्षेत्रों के घने जंगलों के कारण आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में सुविधा रहती है। यही कारण है कि इन्हीं क्षेत्रों में बार-बार आतंकवादी घटनाएं हो रही है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंक विरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। अब विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली, जो असहनीय है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पूछताछ के लिए उठाए गए आठ लोगों में से तीन लोगों का मृत पाया जाना अधिक गंभीर था।

बेशक 370 हटने से माहौल बदला है मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि नागरिकों के सन्दर्भ में सेना की किसी भी कोताही को सेना का खुद का तन्त्र और सरकार बर्दाश्त कर सकती है। हर नागरिक का न्याय पाना भी मौलिक अधिकार होता है। इसी वजह से सेना खुद तीन नागरिकों की मृत्यु के बारे में बहुत संजीदा एवं संवेदनशील नजर आई है और दुनिया को यह सन्देश देना चाहती है कि भारत की सेनाएं केवल विश्व के विभिन्न अशान्त क्षेत्रों में ही शान्ति कायम करने के लिए नहीं बुलाई जाती है बल्कि अपने देश में भी वह पूरी संवेदनशीलता एवं मानवीयता के साथ इस पर अमल करती हैं। इसीलिये सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का सोमवार को खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचे। उनके द्वारा सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना के ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की तत्परता से जांच शुरू करना बताता है कि सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की दृष्टि में घाटी की आतंकवादी घटनाएं एवं उनके खिलाफ खड़े सैन्य अधिकारियों की थोड़ी भी चूक कितनी गंभीर है। यह सर्वोच्च सैन्य नेतृत्व की संवेदनशीलता एवं इंसानियत का प्रेरक उदाहरण है। बार-बार जंग का मैदान देख चुके कश्मीर को बुलट की जगह बैलेट की ओर लाने के लिये सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। भले ही आतंकी घटनाओं का रह-रह कर रंग दिखाना एक अघोषित जंग ही है, जंग कोई भी हो खतरा तो उठाना ही पड़ता है। जंग कैसी भी हो, लड़ता पूरा राष्ट्र है।

यह जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है। और जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, जिन संकटों एवं खतरों का सामना कर रहे है, वह सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें तो ऐसा लगता है कि इस बार उनसे कुछ चूक हुई है। ऐसी लापरवाही या गैर जिम्मेदाराना रवैया हमारे कश्मीर-संकल्प को धुंधलाते हैं। हमें बहुत सावधानी एवं सतर्कता से अपने लक्ष्यों को हासिल करना है, इस दृष्टि से सेनाध्यक्ष ने जो तत्परता दिखाई है, वह वक्त की नजाकत को देखते हुए जरूरी थी। उन्होंने न केवल जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए जहां सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना के आदर्श को सामने रखे।

पिछले करीब एक साल की घटनाएं बताती हैं कि इस इलाके में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने इस इलाके में अपनी आतंकी घटनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिये पूरा तंत्र विकसित कर लिया है। विशेषतः आतंकवादियों को यहां रहने वाले कुछ लोगों की प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिलना अधिक चिन्ता का विषय है। जबकि अनुच्छेद 370 के इतिहास का हिस्सा बन जाने के बाद से घाटी में शांति एवं अमन का, विकास एवं सौहार्द का एक नया दौर शुरू हुआ है। स्थानीय व्यापार ने तरक्की के नये शिखर प्राप्त किये हैं, पर्यटकों की बढ़ती संख्या जहां लोकल इकॉनमी को बढ़ावा दे रही है, वहीं नौजवानों को रोजगार के मौके भी मुहैया करा रही है। ऐसे में आतंकवादी तत्व बेसब्री से आतंक, अशांति, असंतोष एवं उन्माद फैलाने का मौका तलाश रहे हैं। पडोसी देश पाकिस्तान आतंकवाद को पनपाने के लिये हर तरह से सहयोग कर रहा है।

पाकिस्तान के कारण ही घाटी दोषी एवं निर्दोष लोगों के खून की हल्दीघाटी बना रहा है, उसने न केवल घाटी में बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगलना जारी किए हुए है। हालांकि अब पूरी दुनिया के सामने यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान ही पूरी दुनिया में ऐसा मुल्क है जिसे दहशतगर्दों एवं आतंकवादियों की उर्वरा जमीन कहा जाता है परन्तु दुर्भाग्य से पूर्व में भारत के भीतर भी कुछ गैर सरकारी संगठन एवं घाटी की राजनैतिक शक्तियों ने कश्मीर में सेना द्वारा मानवीय अधिकारों के उल्लंघन का मसला उठाने की कोशिश करते रहे हैं जिसका जवाब भी पूर्व में ही हमारी सेना के भीतरी न्यायिक तन्त्र द्वारा बखूबी दिया जाता रहा है और किसी भी दोषी को बचाने की मेहरबानी कभी नहीं की गई है लेकिन इसके साथ यह भी हकीकत है कि कश्मीर में ही कुछ पाक समर्थक माने जाने वाली शक्तियां हमारे सैनिकों को खलनायक के तौर पर पेश करने तक से भी बाज नहीं आती रही हैं। इस चुनौतीपूर्ण दौर में सैन्य अधिकारियों को अधिक सतर्कता एवं सावधानी से आगे बढ़ना होगा एवं आतंकवाद को निस्तेज करना होगा।

कश्मीर में असली जंग अब है। घाटी के लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक लाना बेशक कठिन एवं पेचीदा काम है, लेकिन इस वक्त राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता संबंधी कौनसा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं है? निश्चित ही घाटी में शांतिपूर्ण मतदान कराने तक का समय अधिक चुनौतीपूर्ण है। चीन एवं पाकिस्तान ऐसा न हो, इसके लिये सभी तरह के हथकंड़े अपनायेंगे, साजिश एवं षड़यंत्र करेंगे। वैसे भी अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग- कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। चूंकि भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ढाल कश्मीर के लोग ही हैं, इसलिए लोगों का विश्वास बनाए रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा चाहे सवाल सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता का हो या चुनावी प्रक्रिया की बहाली का। इसके लिये कश्मीरी लोगों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी चुनौती है।

# भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक-आईएनएस इंफाल

**गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर हर क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रौद्योगिकी विकास,चीन सहित भिन्न देशों पर घटती निर्भरता और हर क्षण बढ़ते निर्यात को पूरी दुनियां की हसरत भरी नजरों से देखकर विश्वास हो चुकी है कि भारत को अब आत्मनिर्भर बनने से कोई शक्ति रोक नहीं सकती और भारत अपने विजन 2047 पूर्ण विकसित राष्ट्र को उसकेडेडलाइन के पहले ही अपने लक्ष को प्राप्त करने प्राप्त कर विश्व गुरु बनने में सफल हो जाएगा, जिसका इशारा आज गोवा से भारतीय नवसेना में शामिल विध्वंसक आईएनएस इंफाल बेड़े से मिल गया है। वैसे भी भारत हिंद महासागर क्षेत्र में नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता रहा है, अब मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्ग को सुरक्षित रख सकेंगे ताकि हमारा वैश्विक व्यापार सुरक्षित और तेजी से बढ़ सके और अर्थव्यवस्था बुलंदियां छुए और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए भारत विकसित राष्ट्र बनकर विश्व गुरु बनने की अभिलाषा पूर्ण करें। इसी और अभी बढ़ते, संपूर्ण आतंक, लाल सागर में बढ़ते हूती विद्रोहियों का आतंक, चीन की समुद्री दादागिरी,व्यापारिकजहाज के प्लूटो, साइन बाबा पर हमलों के आरोपियों को अब जल्द कटघरे में लाना आसान हो जाएगा क्योंकि आईएनएस इंफाल जलमेव यस्य, बलमेव तस्य यानी जो समुद्र को नियंत्रित करता है वह सर्वशक्तिमान होता है, जिसे हम सशक्त बनाएंगे। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,




समुद्री व्यापार सर्वोच्च ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने व समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने में आईएनएस इंफाल मील का पत्थर साबित होगा।

साथियों बात अगर हम आईएनएस इंफाल की करें तो यह एक प्रोजेक्ट 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को आज (26 दिसंबर, 2023) नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक आकर्षक समारोह में रक्षा मंत्री कीउपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह आयोजन चार स्वदेशी विशाखापत्तनम श्रेणी के विध्वंसकों में से तीसरे को औपचारिक रूप से शामिल किए जाने को चिन्हित करता है। इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड मुंबई द्वारा निर्मित किया गया है। इस जहाज की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर है और यह 7,400 टन का विस्थापन करता है। आईएनएस इम्फाल, भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली युद्धपोतों में से, एक है। यह संयुक्त गैस और गैस विन्यास में चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों द्वारा संचालित है,और यह 30 नॉट्स से भी अधिक की गति करने में सक्षम है।

साथियों बात अगर हम इंफाल को नौसेना में शामिल होने पर माननीय रक्षा मंत्री के संबोधन के करें तो,इस अवसर पर बोलते हुए, रक्षा मंत्री ने आईएनएस इम्फाल को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का एक चमकदार उदाहरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय नौसेना, एमडीएल और अन्य सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब बताया।आईएनएस इंफाल भारत की बढ़ती समुद्री शक्ति का प्रतीक है और यह इसे और मजबूत करेगा। यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में जलमेव यस्य, बलमेव तस्य (जो समुद्र को नियंत्रित करता है, वह सर्वशक्तिमान है) के हमारे सिद्धांत को मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने आईएनएस इम्फाल को राष्ट्र की विभिन्न शक्तियों के समूह के रूप में परिभाषित किया। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने इस जहाज पर ब्रह्मोस मिसाइल स्थापित की है। टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के हैं। रैपिड गन माउंट भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) द्वारा स्थापित किया गया है, और मध्यम दूरी की मिसाइलें भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) द्वारा स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, कई स्टार्ट-अप और एमएसएमई इसके निर्माण में शामिल हैं। जैसे कई तत्वों ने आईएनएस इम्फाल को एक ठोस रूप दिया है, वैसे ही हमें विकसित भारत बनाने के लिए सभी क्षेत्रों के लोगों को मिलकर काम करना चाहिए। प्रत्येक नागरिक भारत की सुरक्षा और प्रगति का वाहक है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई काम करता है, तो उसको राष्ट्र की भलाई को ध्यान में रखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने अरब सागर में व्यापारिक जहाज (एमवी) केम प्लूटो पर हाल ही में हुए संदिग्ध ड्रोन हमले और लाल सागर में एमवी साईं बाबा पर हुए हमले का भी उल?लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक और सामरिक शक्ति ने कुछ ताकतों में ईर्ष्या और नफरत भर दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने हमलों को बहुत गंभीरता से लिया है और नौसेना ने अपनी निगरानी बढ़ा दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन हमलों के अपराधियों को जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर समान जोर देने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि पहले की सरकारें केवल देश को भूमि आधारित खतरों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं। उन्होंने बताया कि उत्तर में हिमालय और पश्चिम में पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण, भारत का अधिकांश माल व्यापार समुद्र के माध्यम से होता है, जो इसे व्यापार के दृष्टिकोण से एक द्वीप देश बनाता है। उन्होंने नौसेना की क्षमताओं को लगातार विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया,क्योंकि भारत के राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने के लिए वैश्विक व्यापार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में एक नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस क्षेत्र में समुद्री व्यापार नई ऊंचाइयों को छुए। इसके लिए हम अपने मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्गों को सुरक्षित रखेंगे। हमें अपनी नौसेना की क्षमता और ताकत पर पूरा भरोसा है। साथियों बात अगर हम माननीय एडमिरल के संबोधन की करें तो, उन्होंने बताया कि व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डकैती और ड्रोन हमलों का मुकाबला करने के लिए, भारतीय नौसेना ने प्रोजेक्ट 15बी और 15ए श्रेणी के चार विध्वंसक तैनात किए हैं।

# वैश्विक सभ्यता, संस्कृति को विश्व युद्ध से बड़ा खतरा

अंतर्राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन और शी जिनपिंग के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। शाहरुख ने दावा किया है कि पुतिन ने शी जिनपिंग को पहले से ही बता दिया था और दोनों नेताओं की बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में 4 फरवरी को मुलाकात भी हुई थी दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। तब शी जिनपिंग ने पुतिन से ओलंपिक खेलों के होते तक सैन्य अभियान रोकने की बात कही थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है।

# सुरंग में फंसा इंसाफ

उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग हादसे की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। जिसमें प्रारंभिक तौर पर कई खामियों और कमियों का जिक्र किया गया है। इन गड़बड़ियों के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा, और सजा का निर्धारण कैसे होगा, ये तो बाद के सवाल हैं। लेकिन अभी ये देखकर आश्चर्य हो रहा है कि इस सुरंग में काम फिर से शुरू हो गया है।

23 दिसंबर को प्रकाशित द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार इस बार सुरंग के दूसरे छोर यानी बड़कोट की ओर काम शुरू हुआ है। करीब 40 मजदूरों ने सुरंग पर काम शुरू कर दिया है और बीते 21 दिसंबर की सुबह ऑगर मशीन, स्लरी मशीन और बैकहोज समेत भारी उपकरण काम पर लगाए गए थे। इस खबर से एक बात फिर तय हो गई कि भारतीय समाज की स्मरण शक्ति बेहद कमजोर हो चुकी है। इसके साथ ही एक समाज के तौर पर हम इतने आत्मकेन्द्रित हो चुके हैं कि हमें न इंसानों की, न पशु-पक्षियों की, न प्रकृति की सुध लेने की फिक्र है।

छत्तीसगढ़ में हसदेव अरण्य में मशीनों से जिंदा पेड़ों को काटकर जंगल की लाश बिछाई जा रही है, लेकिन चिंता की दो-चार आवाजों के अलावा हर जगह बेफिक्री दिखाई दे रही है। सदियों में तैयार हुए जंगल क्या फिर से कभी खड़े हो पाएंगे, ये सवाल समाज को परेशान नहीं कर रहा। इसी तरह उत्तराखंड हादसे के बाद भी अफसोस का कोई लक्षण दिखाई नहीं दिया, बल्कि चारधाम यात्रा के लिए ऑल वैदर रोड को विकास की नयी मिसाल के तौर पर पेश किया गया। 41 मजदूरों की जान 17 दिन तक अंधेरी सुरंग में फंसी रही, अब फिर उसी सुरंग पर काम शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि पिछले महीने नवंबर में दीपावली के दिन उत्तरकाशी के सिलक्यारा से बड़कोट के बीच बन रही सुरंग में 41 मजदूरों के फंसने की खबर सामने आई थी। पूरे 17 दिनों तक सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने की कोशिश होती रही। विदेशों से विशेषज्ञ बुलाए गए, मशीनें बुलाई गईं। सुरंग के भीतर जाने के कई तरीके आजमाए गए। सुरंग के द्वार पर मंदिर भी बना दिया गया। लेकिन हर कोशिश नाकाम होती दिखी। हालांकि इस बीच मजदूरों से संपर्क स्थापित हो पाया और उन्हें किसी तरह भोजन पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई। बाहर की दुनिया से संपर्क और भोजन की बदौलत फंसे हुए मजदूरों का हौसला बना रहा। फोरमैन गब्बर सिंह नेगी ने 17 दिनों तक अपने साथी मजदूरों को जिस तरह हिम्मत बंधाई, उन्हें निराश नहीं होने दिया, वह एक मिसाल ही है। प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता के गुर किताबों के बाहर असल जीवन के ऐसे उदाहरणों से भी लिए जा सकते हैं।

# पयश्वनी नहर में 35 साल बाद पहुंचा टेल तक पानी, किसानों के चेहरे खिले

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पयश्वनी मुख्य नहर का पानी 35 साल बाद लोहदा, अरछाबरेठी, रघुवंशीपुर, कलवारा खुर्द व कलवारा बुजुर्ग गांवों में टेल तक पहुंचा। इससे किसानों के चेहरे खिल उठे।

बुधवार को सिंचाई विभाग के एक्सईएन आशुतोष कुमार व सहायक अभियंता गुरु प्रसाद के प्रयासों से 35 साल बाद पयश्वनी मुख्य नहर का पानी टेल तक पहुंचा। लोहदा गांव के नर्मदा, रुद्रापाल, बरेठी के सूबेदार वर्मा ने कहा कि टेल तक पानी 35 साल बाद मिल रहा है। खुशी जताते हुए कहा कि ये बडी उपलब्धि है। 75 साल के किसान रुद्रपाल ने बताया कि यहां सिंचाई बहुत मंहगी है। बोर से एक बीघा सींचने का तीन सौ से लेकर साढे तीन सौ रुपये एक बाद में देना पडता है। 4-5 पानी देने में 12 सौ से लेकर 15 सौ रुपये प्रति बीघा खर्च होता है, जो गरीब किसानों के लिए बड़ा खर्च है। नहर में पानी मिलने से खर्च कम व फायदा ज्यादा होगा। ये कार्य होने से किसान सूबेदार ने सूबे के मुख्यमंत्री व सिंचाई मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।


सूखी नहर के टेल तक आया पानी।

सहायक अभियंता गुरु प्रसाद ने बताया कि पयश्वनी नहर प्रणाली निर्माण 1976 में बनकट बंधोइन के पास पयश्वनी नदी पर वियर बनाकर किया गया था। 23 गांवों के किसानों को पानी मिलता है। मुख्य नहर दस किमी काफी गहरी/कटिंग होने से 18 से 20 किमी ही पानी पहुंचता था। 20 किमी बाद पानी न जाने से नहर पूरी तरह विलुप्त हो चुकी थी। ज्यादा अतिक्रमण होने से किसानों ने खेत बना लिए थे। पूर्व सरकार में सिल्ट सफाई का पैसा भी नहीं मिल रहा था। मौजूदा सरकार सिल्ट सफाई का बजट हर वर्ष दे रही है। सिल्ट सफाई के पैसे से विलुप्त नहर पुनः खुदाई कर पानी जाने योग्य बनाई गई। अतिक्रमण हटाने से 26.400 किमी टेल तक पानी किसानों को दिया जा रहा है।

निश्चित तौर पर ये मानना होगा कि किसान हितैषी योगी सरकार की मंशानुसार सहायक अभियंता गुरु प्रसाद के प्रयास से सिल्ट सफाई करने से छह किमी विलुप्त नहर की पुनः खुदाई कर 35 से 49 साल बाद किसानों को टेल तक मिलने लगा है।

## एसपी के निर्देश पर दस पर मिनी गुण्डा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले तीन व बरगढ थाना पुलिस ने सात लोगों पर मिनी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधीतत्वों में खलबली मची है। बुधवार को रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय ने अरविन्द पुत्र छोटेलाल, सौरभ उर्फ दादू पुत्र सुरेश व सुरेश पुत्र हरप्रसाद निवासी कौबरा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इसी क्रम में बरगढ़ थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुण्डा-गर्दी करने वाले शैलेन्द्र सिंह उर्फ छोटू पुत्र रजवंत सिंह छपरिहा मजरा सेमरा, रजनी मौर्य पुत्र रामानुज मौर्य सेमरा, देवेन्द्र कुमार अहिरवार उर्फ शनि पुत्र बुद्धराज अहिरवार कोलमजरा, मिथुन उर्फ रामचरन पुत्र समर आदिवासी मुर्का, कल्लू उर्फ आनंद पुत्र द्वारिका प्रसाद बरगढ़, इंद्रजीत चतुर्वेदी पुत्र बेनी प्रसाद चतुर्वेदी धौनेहा मजरा सेमरा व विष्णु पुत्र नर्वदा चतुर्वेदी गणेशदीन का पुरवा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## चार वांछित दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी की टीम ने सरकारी कार्य में दखल, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी मामले में वांछित विमल कुमार पुत्र बिन्दा तेंदुरा जिला बांदा, देवकुमार पुत्र संतोष कुमार महोखर जिला बांदा, संतकुमार पुत्र धर्मपाल, प्रेंमचन्द्र उर्फ अनिल कुमार पुत्र कल्लू गोंडा को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही नरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने देखा वोटिंग मशीन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेशों पर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भंडारण कक्ष व वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने किया। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने सीसीटीवी कैमरे देखे कि चल रहे हैं या नहीं।

बुधवार को जिलाधिकारी ने एएसडीएम को निर्देश दिये कि अगले निरीक्षण में फायर व खिड़कियों पर मोटा फाइबर लगायें। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भंडारण कक्ष में लगी सील खुलवाते हुये राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि भंडारण कक्ष में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन रखी हैं। 24 घंटे सुरक्षा को पुलिस कर्मियों की तैनाती रहती है। वीवी पैट मशीन भंडारण कक्ष संख्या 1-2 के कमरों की सील सबके सामने खुलवाया। संबधित को निर्देश दिये कि फायर मशीन को निरन्तर चेक कराते रहें, ताकि कोई परेशानी न हो सके। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरन, एएसडीएम पंकज वर्मा, ईवीएम प्रभारी राजकुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष रामसिया पटेल, बसपा सचिव श्याम लाल, आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल, भाजपा मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सपा जिलाध्यक्ष लोहियावाहिनी अमर पटेल आदि मौजूद रहे।


वोटिंग मशीन चेक करते डीएम।

## स्कूल वाहन करायें मानक अनुसारः एआरटीओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 15 से 31 दिसम्बर के तहत परिवहन विभाग के एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला, सम्भागीय प्राविधिक निरीक्षक गुलाब चन्द्र, यात्रीकर/मालकर अधिकारी डॉ सन्तोष कुमार तिवारी ने जिले में ड्रंकन ड्राइविंग व ओवरस्पीड के खिलाफ अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही की।

बुधवार को एआरटीओ की टीम ने स्कूली वाहनों के सड़क सुरक्षा मानकों अनुरूप जांच अभियान चलाया। स्कूल वाहन प्रबन्धक/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये कि स्कूल में सभी वाहनों को मानक अनुसार कराये। चालकों/परिचालकों के चरित्र सत्यापन आख्या एआरटीओ कार्यालय में पेश करें। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री/सवारियां मिलने पर प्रवर्तन कार्यवाही की। वाहन चालकों व आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से वे सुरक्षित रह सकते हैं।

# दलितों को न्याय न मिलने पर होगा प्रदर्शनः मीरा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी/जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने जिला अस्पताल में जीआरपी की पिटाई से घायल हुए छात्रों से भेंट की। कहा कि चमार जाति बताने पर

### जीआरपी से पिटे छात्रों का मामला

जीआरपी ने छात्रों के हाथ-पैर तोडकर कान के पर्दे फाड दिये हैं। जीआरपी पर कार्यवाही न होने पर सरदार सेना जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगी।

बुधवार को सरदार सेना की बुन्देलखण्ड प्रभारी/जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने जिला अस्पताल में ओम नारायण पुत्र शिवनरेश, ओमप्रकाश पुत्र सुरेश व धनराज वर्मा पुत्र स्व रामस्वरूप निवासी छीर का पुरवा थाना नयागांव मप्र से भेंट की। भर्ती छात्रों ने उन्हें बताया कि जीआरपी ने दो घंटे तक लाठी-डड़ों से थाने में बंद कर जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए बेरहमी से पीटा है। हाथ-पैर तोड़ दिये। कान के पर्दे फाड़ दिये। गंभीर दशा में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जीआरपी पर अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। शोषित-पीड़ित-वंचित लोगों पर ऐसी बर्बरता बरती है। पीडतों को न्याय न मिलने पर सरदार सेना जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगी।


आन्दोलन की चेतावनी देती मीरा भारती।

# सर्दी, खांसी व बुखार पर जांच जरूरीः सीएमओ

## कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर चित्रकूट में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** देश में चीनी वायरस जेएन-1 के संभावित मरीजों के सामने आने के बाद यूपी के चित्रकूट में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। चित्रकूट में इसको लेकर खास सतर्कता बरती जा रही है। चित्रकूट के सीएमओ ने इसको लेकर सभी अस्पतालों को दिशा निर्देश दिए हैं। फिलहाल इस वायरस से जुड़े लक्षण वाला कोई भी केस चित्रकूट में सामने नहीं आया है।

चित्रकूट के सीएमओ डीआर भूपेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया है कि कोरोना के केस को देखते हुए हम लोग ने अपने यहां ऑक्सीजन की व्यवस्था कर ली है. जितने भी ऑक्सीजन सिलेंडर से उन सब को रिफिलिंग करवा लिया गया है. ऑक्सीजन प्लांट जहां-जहां है, उनको भी चेक कर लिया गया है और सभी जगह के ऑक्सीजन प्लांट चल रहे हैं। उन्होंने बताया की मास्क और सेनेटाइजर की व्यवस्था भी करवाई जा रही है. आरटी पीसीआर जांच जो कोविड़ के लिए करवाई जाती है. उनकी संख्या भी बढ़ा दी गई है और जो भी सर्दी जुखाम बुखार के पेशेंट है. उनकी अनिवार्य रूप से कोविड की जांच करवाई जा रही है. अगर किसी को भी कोविड के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उनको अलग से एडमिट किया जाएगा, ताकि कोविड और न फैल सके।



# राजकीय शिक्षकों को वेतन लागू कराना संगठन की देनः छाया शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजकीय शिक्षक संघ के जिला अधिवेशन/ शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडेय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती छाया शुक्ला की मौजूदगी में हुई।

बुधवार को गोष्ठी में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के बाद संघ की संरक्षिका छाया शुक्ला का उपलब्धियों पर गर्म जोशी से स्वागत हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी व शिक्षकों के कर्तव्य वोट करने को होते हैं। अधिकारों की भांति कर्तव्यों पर शिक्षकों को ध्यान देना चाहिए, ताकि जिले में शैक्षिक उन्नयन अच्छा हो और जिले का नाम रोशन हो। प्रदेश अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। शिक्षकों की समस्याओं को एकजुट होकर संगठन का साथ देना चाहिए। संघर्षों की बदौलत उपलब्धियां मिली हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व संरक्षिका छाया शुक्ला ने कहा कि रमसा राजकीय शिक्षकों को नियमित वेतनमान सरकार से लागू कराने में संगठन की अहम भूमिका रही है। ये संघर्ष आगे जारी रहेगा। शासन राजकीय शिक्षकों से शैक्षिक उन्नयन का काम तो लेती है, भीड़ बढाने को भी शिक्षकों का इस्तेमाल किया जाता है, जो गलत है। चिंता जताई कि सरकार शिक्षकों से बेगार कराती है, शिक्षक शिक्षा स्तर बढ़ाने में सही ढंग से योगदान नहीं दे पा रहे। व्यावसायिक शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। 30 वर्षों से व्यावसायिक शिक्षा में स्थाई शिक्षक नहीं है। प्रदेश महामंत्री सत्यशंकर मिश्रा के संघर्ष से राजकीय शिक्षकों को उपलब्धियां मिली है। समानता के तहत शिक्षकों को वेतन दिलाने का काम संगठन ने ही किया है। बहुत जल्द एसीपी की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कैलाशचंद्र शुक्ला, महामंत्री विश्वनाथ पांडेय, हरिश्चंद्र सिंह, चंद्रभान, प्रमोद कुमार पाल, अनिल कुमार, कमलेश साहू, अजय त्रिपाठी, शारदा प्रसाद गुप्ता, भैरो प्रसाद, विनीता रानी गुप्ता, हरिश्चंद्र, चंद्रभान, मनोज गुप्ता, आनंद तिवारी, अतुल सिंह आदि मौजूद रहे।



# किसानों ने शुरू की फूल की खेती, बदल गई किस्मत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** चित्रकूट का पाठा क्षेत्र बेरोजगारी के लिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाला क्षेत्र है. लेकिन अब बदलते दौर के साथ चित्रकूट की अब तस्वीर बदल रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल बनाने के संकल्प के साथ चित्रकूट के किसान खुद को ह्यआत्मनिर्भरह्ल बनाने में जुट गए हैं. वे अनाज की खेती के इतर फूलों की खेती से आय दोगुनी कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं चित्रकूट जिले के डुडौली की. जहां के किसान अब आत्मनिर्भर बनते हुए अपनी जमीन में गुलाब के फूलों की बागवानी कर रहे हैं. उन्होंने इस बागवानी की शुरूआत आज से 4 से 5 साल पहले शुरू की थी. और अपने खेतों में गुलाब के फूलों की बागवानी कर उनको बाजारों में बेचकर अच्छा खासा मुनाफा भी कमा रहे हैं. उन्होंने तीन से चार बीघा जमीन में गुलाब के पौधे लगाए हुए है। विनोद कुशवाहा ने बताया कि वह पाच वर्षो से गुलाब की खेती चार बीघे में कर रहे है. उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रेरणा उनको उद्यान विभाग से मिली. वहां एक कार्यक्रम के दौरान उनको यह पुष्प की खेती के बारे में बताया गया. उसके बाद वह उद्यान विभाग से ही पुष्प के पौधे लाकर अपनी जमीन पर पुष्प की बागवानी करने लगे। उन्होंने आगे की जानकारी देते हुए बताया छह महीने में पौधा तैयार होकर पुष्प देने लगता है.ठंड के मौसम में 15 दिन में पानी दिया जाता है.वही ज्यादा गर्मी के मौसम में दो से तीन दिन में इसमें पानी दिया जाता है. हमने अपने खेत में लगभग 8 से 10 प्रकार के गुलाबों को लगाया है. हमारे पुष्प चित्रकूट के मठ मंदिरों के साथ साथ अन्य जिलों में भी जाते है।



# छात्रों ने जीआरपी पर लगाया मारपीट का आरोप, सीओ करेंगे जांच

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रेलवे स्टेशन पर तीन छात्रों को पकड़कर जीआरपी सिपाहियों ने मारपीट की। परिजनों ने इस मामले को लेकर कर्वी कोतवाली में तहरीर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी ने मारपीट के मामले से इंकार किया है।मामले की जांच सीओ रेलवे को दी गई है।

चित्रकूट के छीर का पुरवा नयागांव (मप्र) निवासी ओमनारायण कामतन में कक्षा नौ का छात्र है। परिजनों ने बताया कि रविवार को क्रिकेट खेलकर ओम घर पहुंचा तो पढ़ाई को लेकर नाराज मां ममता देवी ने उसे पीट दिया। इससे नाराज होकर वह घर से बिना बताए चला आया था। यहां वह चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन में बैठा था। इस दौरान उसे जीआरपी के सिपाही थाने ले गए। इसके बाद वहां ढूंढने पहुंचे ओमनारायण के चचेरे भाई ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीए का छात्र ओमप्रकाश और चित्रकूट इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में पढ़ने वाला धनराज जीआरपी थाने में जानकारी करने लगे।

इस दौरान छात्रों की जीआरपी सिपाही से नोकझोंक हो गई। छात्रों ने आरोप लगाया कि वहां मौजूद सिपाहियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। परिजनों के आने के बाद सोमवार को सभी लोग कर्वी कोतवाली पहुंचे और पूरे प्रकरण की जानकारी दी। इस संबंध में कोतवाल अजीत पांडेय ने बताया कि मामला जीआरपी के अंतर्गत आता है। छात्रों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी त्रिपुरेश कौशिक ने बताया कि रेलवे स्टेशन में बिना टिकट घूम रहे तीनों छात्रों से पूछताछ की गई थी। मोबाइल लिए घूमने के कारण उनसे थाने में पूछताछ की गई। इसके बाद परिजनों को बुलाकर तीनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रों के परिजनों ने कई बार लिखित समझौता किया इसके बाद वह आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल तहरीर के आधार पर सीओ रेलवे जांच कर रहे हैं।

## कुएं में गिरे दो बालकों की मौत

**चित्रकूट।** बरौंधा थाना अंतर्गत खोही गांव में सोमवार की शाम को दो बालकों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद से गांव में मातम छाया हुआ है। मंगलवार को गमगीन माहौल में दोनों दोस्तों का गांव के बाहर अंतिम संस्कार किया गया। खोही निवासी धर्मेंद्र उर्फ लाला यादव (12) व हिमांशु यादव (13) के परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम को खेत में स्थित कुएं से पानी लेने गए थे। दोनों आपस में पारिवारिक रिश्तेदार व दोस्त भी हैं। दोनों वहीं पर खेल रहे थे। शाम को अंधेरा होने पर वह नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। परिजन खेत स्थित कुएं के पास आए तो बाहर एक बालक का जूता पड़ा हुआ। उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो पाया कि दोनों बालकों के शव इसमें उतरा रहे थे। बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर देखने से लगता है कि पैर फिसलने से एक बालक कुएं में गिर गया तो दूसरे ने उसकी मदद के लिए कुएं में छलांग लगा ली होगी। इस कोशिश में वह खुद भी डूब गया।

## पीटीआई ने कहा, जमानत पर जेल से रिहा शाह महमूद कुरैशी को गिरफ्तार किया गया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने बुधवार को कहा कि उसके उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने कहा है कि कुरैशी को पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने साइफर मामले में जमानत प्रदान की थी। रिहा होते ही जेल के बाहर कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

डान अखबार के अनुसार पीटीआई ने कुरैशी को पुलिस वैन में बैठाए जाने का फुटेज अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में कर्मियों द्वारा उन्हें एक बख्तरबंद पुलिस वाहन में घसीटते हुए दिखाया गया है। इस दौरान पीटीआई नेता कुरैशी कहते रहे कि उन्हें अवैध रूप से गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस सुप्रीम कोर्ट के आदेश का माखौल उड़ा रही है।

## पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का चुनाव चिह्न बहाल, चुनाव से पहले पूर्व पीएम इमरान को बड़ी राहत

**पेशावर।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को बड़ी जीत मिली है। पेशावर हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग के आदेश को निलंबित करते हुए पीटीआई को उसका अपना चुनाव चिन्ह 'बल्ला' बहाल कर दिया है। पाकिस्तान में 16वीं नेशनल असेंबली के लिए 8 फरवरी 2024 को आम चुनाव होने हैं।

चुनाव आयोग ने इससे पहले पार्टी के आंतरिक चुनावों में बल्ला निशान को अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिका पर अंतिम फैसले में पार्टी का चुनाव चिह्न बहाल किया जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सर्दियों की छुट्टियों के बाद डबल बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।

पेशावर हाई कोर्ट के जज जस्टिस कामरान हयात मियांखेल ने टिप्पणी करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को पीटीआई को चुनाव चिन्ह देना होगा क्योंकि चुनावी तारीख जारी होने के बाद इसे रद्द नहीं किया जा सकता है।


हाई कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पर लिखा, "बल्ला मारो, आजादी को गले लगाओ!" इसके अलावा पार्टी ने लिखा है कि बल्ला लौट चुका है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय चुनाव आयोग पीठ द्वारा पीटीआई के अंदर होने वाले चुनावों को गैरकानूनी घोषित करने और पार्टी से उसका चुनाव चिह्न छीनने के बाद याचिका दायर की थी।

पार्टी ने चुनाव आयोग और चुनाव को चुनौती देने वालों को नामित करते हुए कोर्ट से मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। इसको देखते हुए कोर्ट ने मंगलवार को याचिका पर सुनवाई की।

सुनवाई की शुरूआत में, पीटीआई के वकील अली जफर ने कहा कि पार्टी को चुनाव कराने के लिए 20 दिन का समय दिया गया था। पार्टी ने 3 दिसंबर को पेशावर में पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए। चुनाव आयोग ने पार्टी के आंतरिक चुनावों की सत्यता को स्वीकार करते हुए पार्टी को एक प्रमाण पत्र जारी किया। वकील ने कहा कि इसके बाद आयोग ने यह कहते हुए चुनाव चिह्न वापस ले लिया कि जिसने चुनाव करवाया वह सही व्यक्ति नहीं था।

## कनाडा के पहले भारतीय मूल के चिकित्सक गुरदेव सिंह गिल का निधन



**टोरंटो।** कनाडा के न्यू वेस्टमिंस्टर शहर में पहले भारतीय मूल के चिकित्सक गुरदेव सिंह गिल का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। वह 1958 में प्रैक्टिस करने वाले पहले इंडो-कनाडाई थे।

सीबीसी न्यूज चैनल ने कैनेडियन इनसाइक्लोपीडिया का हवाला देते हुए बताया कि गिल 1949 में भारत से कनाडा चले गए थे, जब देश में केवल 2,000 दक्षिण एशियाई थे।

ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के अनुसार, "वह ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय से मेडिकल डिग्री के साथ स्नातक करने वाले पहले इंडो-कनाडाई और कनाडा में प्रैक्टिस करने वाले पहले इंडो-कैनेडियन थे।"

रविवार को, समुदाय के सदस्य गिल को श्रद्धांजलि देने के लिए वैंकूवर के एक गुरुद्वारे में एकत्र हुए। उनकी 17 दिसंबर को मृत्यु हो गई थी।

वह सेंट मैरीज, रॉयल कोलंबियन और क्वीन्स पार्क अस्पतालों के एक सक्रिय स्टाफ सदस्य थे, और कैंसर सोसायटी, रोटरी क्लब और चिल्ड्रन हॉस्पिटल के लिए फंड जुटाने में एक्टिव थे।

उन्हें 1990 में इसके उद्घाटन वर्ष में म्यूजिशियन ब्रायन एडम्स, ओलंपिक पदक विजेता जिमनास्ट लोरी फंग और व्यवसायी जिम पैटिसन जैसे दिग्गजों के साथ ऑर्डर ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया से सम्मानित किया गया था।

उनके पोते इमरान गिल ने सीबीसी को बताया, "उन सभी अद्भुत कनाडाई लोगों के साथ मंच पर होना। उन्हें इस मान्यता पर बहुत गर्व था। दादा जी बहुत ही निस्वार्थ जीवन जीते थे।"

इमरान ने कहा, "उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय हीरक जयंती पदक भी मिला था। गिल न केवल कनाडा में 'दूसरों के उत्थान' के लिए समर्पित थे, बल्कि पंजाबी गांवों में स्वच्छता के बुनियादी ढांचे का निर्माण भी कर रहे थे, जिसमें वह गांव भी शामिल था, जिसे उन्होंने 1949 में छोड़ा था।'

उनकी प्रैक्टिस एक मेडिकल प्रैक्टिस से कहीं अधिक थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# क्रिश्चियन धर्म के पक्ष में बयान देने वाले नेपाल के मंत्री का सामाजिक बहिष्कार शुरू




**काठमांडू।** खुद को ईसाई धर्म के प्रचारक के रूप में पेश करते हुए विवादित बयान देने वाले नेपाल के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदन किरांती का सामाजिक बहिष्कार शुरू हो गया है। उनके विवादित बयान की वजह से जिन कार्यक्रमों में उनको प्रमुख अतिथि के रूप में बुलाया गया था, वहां उनका बहिष्कार करना शुरू कर दिया गया है।चितवन में होने वाले सलाना पर्यटन महोत्सव में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदन किरांती को प्रमुख अतिथि के रूप में बुलाया गया था। पूरे शहर में लगे पोस्टर बैनर में उनकी तस्वीरों के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। सभी निमंत्रण पत्र पर भी प्रमुख अतिथि के रूप में संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री सुदन किरांती के महोत्सव के उद्घाटन करने की जानकारी दी गई थी, लेकिन उनके विवादित बयान के कारण आयोजकों ने मंत्री को कार्यक्रम में नहीं आने को कह दिया।

चितवन के पर्यटक स्थल सौराहा में क्षेत्रीय होटल एसोसिएशन की तरफ से 17वें चितवन पर्यटन एवं हाथी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर किरांती की जगह वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत मंच पर उपस्थित थे। प्रमुख अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ने ही महोत्सव का उद्घाटन भी किया। क्षेत्रीय होटल एसोसिएशन के सचिव मुक्ति शर्मा ने बताया कि मंत्री के विवादास्पद बयान और उससे उत्पन्न परिस्थिति के कारण उन्हें कार्यक्रम में आने से रोका गया। उन्होंने कहा कि यदि विवादित मंत्री को कार्यक्रम में बुलाया जाता तो यहां तनावपूर्ण स्थिति बन सकती थी। स्थानीय लोगों ने आयोजकों से कहा था कि यदि विवादित मंत्री को बुलाया जाता है तो वो ना सिर्फ मंत्री को काला झंडा दिखाएंगे, बल्कि किसी भी हालत में कार्यक्रम नहीं होने देंगे। तनावपूर्ण अवस्था को देखते हुए आयोजकों ने अंतिम समय में सुदन किरांती की जगह वित्त मंत्री महत को बुलाना ही ठीक समझा गया। दरअसल, संस्कृति मंत्री सुदन किरांती ने पिछले हफ्ते ईसाईयों के एक कार्यक्रम में कहा था कि नेपाल में क्रिश्चियन मानने वालों की संख्या लाखों में पहुंच गई है। नेपाल में क्रिश्चियन को नहीं मानना संविधान को नहीं मानने जैसा है और जो लोग क्रिश्चियन को नहीं मानेंगे, उन्हें हथकड़ी लगा कर जेल में डाल देना चाहिए। उनके इस विवादित बयान पर देश भर में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। विभिन्न संघ संस्थाओं और राजनीतिक दलों ने ऐसे विवादित बयान देने वाले मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

# ऑस्कर विजेता 'पैरासाइट' फेम एक्टर ली सुन-क्युन का संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**मुंबई।** वर्ष 2020 में बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट फॉरेन फिल्म और बेस्ट फिल्म कैटेगरी में चार ऑस्कर अवार्ड जीतने वाली फिल्म कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' में मुख्य किरदार पार्क-डोंग इक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ली सुन-क्युन का शव मिला है।

एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, ली सन-क्युन का शव दक्षिण कोरिया के सियोल में एक पार्किंग स्थल में मिला था। पिछले कुछ दिनों से ली सन-क्युन अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के एक मामले में शामिल रहे थे, इसकी पुलिस जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी केस के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी है। अभिनेता ली सन-क्युन ने एक नाइट क्लब में गलती से ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की। उन्होंने दावा किया कि वह इस मामले में दोषी नहीं है। बाद में 27 दिसंबर को उनका शव उनकी ही कार में मिलने से सनसनी फैल गई। उनकी पत्नी योनहाप के अनुसार क्यून ने मरने से पहले एक पत्र लिखा था और अपने पति की मौत की खबर सुनकर तुरंत पुलिस को इसका खुलासा किया। यह अभी तक साफ नहीं हुआ है कि ली सुन-क्यून ने पत्र में वास्तव में क्या लिखा है। इसके अलावा ये आत्महत्या है या कुछ और इस बारे में कोई बयान या स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ली सुन-क्युन का जन्म 1975 में हुआ था।

# पाकिस्तान के आम चुनाव में डॉ. सवीरा प्रकाश पहली हिंदू महिला उम्मीदवार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने हिंदू महिला डॉ. सवीरा प्रकाश को उम्मीदवार बनाया है। 16वीं नेशनल असेंबली का चुनाव अगले साल 8 फरवरी को होना है। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार पीपीपी ने उन्हें डॉ. सवीरा प्रकाश को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले से अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। सवीरा प्रकाश ने 2022 में एबटाबाद इंटरनेशनल मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। उनके डॉक्टर पिता ओम प्रकाश हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं।

वो पिछले 35 वर्षों से पार्टी के सक्रिय सदस्य थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सवीरा प्रकाश ने 23 दिसंबर को पीके-25 की सामान्य सीट से अपना नामांकन पत्र जमा किया है। वह पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी महिला विंग की महासचिव हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने हाल ही में राजनीतिक पार्टियों से कहा था कि पांच फीसदी सामान्य सीटों पर महिला उम्मीदवारों को खड़ा करना होगा। नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय असेंबली की 1,085 सीटों के लिए चुनाव होंगे। नेशनल असेंबली की 266 सीटों के लिए 7,713 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इनमें 471 महिलाएं हैं।

## इजराइल की सुरक्षा परिषद ने भारत में अपने नागरिकों के लिए जारी किया परामर्श

**तेल अवीव।** इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भारत में अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। इसमें संदेह व्यक्त किया है कि मंगलवार को नई दिल्ली में इजराइल के दूतावास के पास हुआ विस्फोट 'आतंकवादी हमला हो सकता है।' इस परामर्श को इजराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट पर साझा किया गया है।

इस परामर्श में कहा गया है कि नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम एक विस्फोट हुआ और घटनास्थल से इजराइल के राजदूत को 'अभद्र भाषा' में संबोधित एक पत्र बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

इजराइल की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भारत में रह रहे अपने नागरिकों को भीड़भाड़ वाली जगहों जैसे मॉल और बाजार पर जाने से बचने की सलाह दी है। यहूदियों और इजराइलियों के रूप में पहचाने जाने वाले स्थानों पर भी न जाने की सलाह दी गई है। सार्वजनिक स्थानों मसलन होटल और पब आदि में सतर्क रहने को कहा है। इसमें कहा गया है कि सार्वजनिक तौर पर इजराइली प्रतीकों को प्रदर्शित करने से बचें। बड़े आयोजनों में हिस्सा लेने से परहेज करें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर यात्रा कार्यक्रम के साथ-साथ यात्रा तस्वीरें अपलोड न करें।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से में तूफान से तबाही, अब तक नौ की मौत, हजारों घरों की बिजली गुल



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है।

द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी। जमकर ओले गिरे और मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं और हजारों पेड़ गिर गए। क्वींसलैंड राज्य पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोरेटन बे में ग्रीन आइलैंड के पास एक नौका के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उसमें 11 लोग सवार थे।

क्वींसलैंड में अलग-अलग घटनाओं में नौ साल की एक लड़की और एक महिला नाले में बह गईं। दोनों के शव बरामद हो गए। इसके अलावा पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। एक महिला विक्टोरिया के एक कैंप ग्राउंड में भरे पानी में मृत पाई गई है। क्वींसलैंड के स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एनर्जेक्स ने कहा कि तूफान के बाद 90,000 से अधिक घरों में अभी भी बिजली नहीं है। तूफान से सैकड़ों लाइनों को नुकसान हुआ है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अभी कई दिन लगेंगे। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बारिश की भविष्यवाणी की है।

## इमरान खान के करीबी सहयोगी और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 15 दिनों की हिरासत में भेजा गया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले इमरान खान के करीबी सहयोगी एवं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को मंगलवार को 15 दिनों की हिरासत में अदियाला जेल भेजा गया। इससे एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने दूसरे मामले में उन्हें जमानत दी थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, रावलपिंडी के डिप्टी कमिश्नर ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी की रिहाई से शांति और सुरक्षा को खतरा होगा। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सीपीओ ने संबंधित स्टेशन हाउस अधिकारी की सिफारिश पर 45 दिनों की हिरासत अवधि का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि जिला खुफिया समिति भी पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों के आकलन से सहमत है।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान भी जेल में बंद हैं। इमरान खान ने 27 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश रची गई। उन्होंने सबूत के तौर पर एक कागज दिखाया था।

शाह महमूद कुरैशी की अपील को देखते हुए उन्हें 15 दिनों की हिरासत में भेजा गया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और कुरैशी को जमानत दी थी, जिसके कुछ दिनों बाद ये आदेश आया। दोनों नेताओं के खिलाफ कई अन्य मामले भी चल रहे हैं, जिस वजह से उन्हें तुरंत रिहाई नहीं मिल सकी। बता दें कि शाह महमूद कुरैशी को 23 अक्टूबर को मामले दोषी ठहराया गया था। जेल में बंद इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी कई मामलों का सामना कर रहे हैं।

# इराक को अमेरिका का कड़ा संदेश, देश की सुरक्षा के लिए हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा देश की सुरक्षा के लिए इराक पर हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे।

ऑस्टिन ने यह टिप्पणी इराक में ईरान समर्थित गतिविधियों को लेकर दी है।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा 'ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया' द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ हमलों के जवाब में अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में तीन स्थानों पर 'आवश्यक और आनुपातिक हमले' किए। ऑस्टिन ने आगे कहा कि अमेरिका की सुरक्षा से बढ़कर कोई 'उच्च प्राथमिकता' नहीं है और वह देश, उसके सैनिकों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने में 'संकोच नहीं करेगा'।

लॉयड ऑस्टिन ने कहा, 'राष्ट्रपति बाइडन के निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में कातिब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों के इस्तेमाल वाली तीन सुविधाओं पर हमले किए।' इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है और इसका उद्देश्य ईरान-गठबंधन मिलिशिया समूहों की क्षमताओं को 'बाधित और खराब' करना था। अमेरिका ने इन हमलों को 'ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया' द्वारा किए जाने का आरोप लगाया।

ईरान से संबद्ध कताइब हिजबुल्लाह और एरबिल एयर बेस पर संबद्ध समूहों का हमला शामिल था।

बयान में कहा गया कि सोमवार के हमले में तीन अमेरिकी कर्मी घायल हो गए, जिससे एक सेवा सदस्य की हालत गंभीर हो गई। ऑस्टिन ने कहा, हम क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते हैं, लेकिन हम अपने लोगों की सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।